* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

27 अप्रैल, 2024
वैशाख, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 187

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही










# चतरा में भाजपा के प्रत्याशी कालीचरण ने किया नामांकन

## बाबूलाल, बाउरी, आदित्य साहू समेत अन्य नेता हुए शामिल

## जनसभा में भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील की

प्रवीण रस्तोगी

**चतरा (आजाद सिपाही)।** चतरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने शुक्रवार को नामांकन दाखिल किया। प्रचंड गरमी और धूप भरी दोपहर में लगभग 12.45 में कालीचरण रोड शो करते हुए चुनाव कार्यालय पहुंचे। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, पांकी विधायक कुशवाहा शशि भूषण मेहता, रामदेव सिंह भोक्ता आदि उपस्थित थे। नामांकन के बाद एक जनसभा का आयोजन किया गया, जहां भाजपा नेताओं ने विपक्ष पर निशाना साधा और अपने प्रत्याशी के पक्ष में वोट की अपील की।

### चतरा के बेटे को संसद पहुंचाना है: अमर बाउरी

प्रतिपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी ने कहा कि आपके बेटे कालीचरण सिंह को चतरा लोकसभा का प्रत्याशी बनाया है। आप अपने मत का सही प्रयोग कर के काली बाबू को भारी मतों से जितवायेंगे। चूकियेगा मत। यही संकल्प लेने के लिए, यही आग्रह करने के लिए हम आये हैं। मां भद्रकाली के आशीर्वाद से चतरा के बेटे को संसद पहुंचाना है। बाउरी ने कहा कि यहां के लोगों की मांग पर, बाबूलाल मरांडी के आग्रह पर स्थानीय नेता कालीचरण सिंह को चतरा का प्रत्याशी बनाया गया है। आप कालीचरण सिंह की बुलंद आवाज को संसद तक पहुंचाने का काम करें।



### इंडी गठबंधन परिवार और पैसे के लिए राजनीति करता है: बाबूलाल मरांडी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मैं आप लोगों के समक्ष आग्रह, निवेदन और अपील करने के लिए खड़ा हूं। नामांकन पत्र को कालीचरण सिंह ने दाखिल कर दिया है। आप सब लोगों से निवेदन रहेगा कि इस बार चतरा की जनता को रिकॉर्ड बनाना है। पिछले लोकसभा में जितना वोट एनडीए प्रत्याशी को मिला था, उससे अधिक वोट से इस बार एनडीए प्रत्याशी को विजयी बनाना है। आप कालीचरण सिंह को जिताइये। बाबूलाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि हमें देश को विकसित भारत बनाना है। समृद्ध भारत बनाना है। यह तभी पूरा होगा, जब देश के प्रधानमंत्री 2024 में भारी मतों से जीतेंगे। इस बार 400 पार लक्ष्य है। बाबूलाल ने कहा कि पीएम मोदी गावों के लिए काम कर रहे हैं। गरीबों के लिए काम कर रहे हैं। महिलाओं के लिए काम कर रहे हैं। पिछड़ों के लिए काम कर रहे हैं। किसानों के लिए काम कर रहे हैं। हर वर्ग के लिए योजनाएं चलायी जा रही हैं। इसलिए भारी मतों से जीता कर 400 पार कराना है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग परिवार और पैसे के लिए राजनीति करते हैं। इसलिए इंडी गठबंधन के अधिकांश नेता आज जेल में हैं। कोई बेल पर है, कोई सजायाफ्ता है। ये लोग भारत के भाग्य विधाता बनना चाहते हैं। मैं आप लोगों से अपील करता हूं कि आप लोग अपना, परिवारवालों का, हित नातों का, पहचानवालों का कीमती वोट भाजपा को दिलाइये, तब जाकर देश के पीएम नरेंद्र मोदी और यह देश और मजबूत बनेगा। आंधी हो या तूफान हो। चाहे कितना भी धूप क्यों ना हो, लेकिन हम सब लोग लोकतंत्र के इस महापर्व में वोट देने से नहीं चूकें।

### 400 पार में चतरा का भी एक फूल होगा: शशि भूषण

पांकी विधायक शशि भूषण मेहता ने कहा कि देशभर में भाजपा 400 पार करेगी। इन 400 फूलों की माला में एक फूल चतरा से भी होगा। उन्होंने कहा कि चतरा लोकसभा से पिछली बार से 10 प्रतिशत से अधिक मत भाजपा को दिलाने का संकल्प कार्यकर्ताओं ने लिया है। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा से दो लाख से अधिक मत भाजपा को मिलेगा। कार्यकर्ताओं ने इस बार चतरा लोकसभा में पांच लाख से अधिक मतों से जिता कर भेजने का संकल्प लिया है।

### इतने मतों से जितवाइये कि मैं सदैव आपके सामने झुका रहूं: कालीचरण सिंह

नामांकन के बाद कालीचरण सिंह ने कहा कि इस 40 डिग्री तापमान में कार्यकर्तागण नामांकन के कार्यक्रम में बैठे हैं। मुझे आशीष देने के लिए, मुझे जीताने के लिए, मैं जीवन भर अनुग्रह रहूंगा। यह मुझे संवेदनशीलता के साथ याद रहेगा। मुझे टिकट मेरे कारण नहीं मिला है। मुझे टिकट तो आप जनता की उम्मीदों ने दिलायी है। मैं जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने की पूरी कोशिश भी करूंगा। जनता की आवाज को बाबूलाल मरांडी ने पूरी संवेदनशीलता से सुनी। भाजपा आलाकमान के आगे मेरा नाम सुझाया। मैं बाबूलाल मरांडी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा जताया। मैं जिंदगी भर याद रखूंगा। उन्होंने कहा कि पिछली बार मेरे छोटे भाई सुनील सिंह ने 3.77 लाख से चुनाव जीता था, इस बार आप मुझे इतने भारी मतों से विजयी बनाइये कि मेरा सर आपके सामने नतमस्तक रहे। मैं वादा करता हूं कि में क्षेत्र की जनता के लिए हमेशा खड़ा रहूंगा।

# दूसरे चरण में यूपी में सबसे कम मतदान और त्रिपुरा सबसे आगे

- छत्तीसगढ़, त्रिपुरा, मणिपुर और बंगाल में 71 प्रतिशत से ज्यादा मतदान
- महाराष्ट्र, बिहार और उत्तरप्रदेश में सबसे कम मतदान



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिए दूसरे फेज के 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर मतदान खत्म हो गया। शाम पांच बजे तक त्रिपुरा में सबसे ज्यादा करीब 76.23 प्रतिशत वोटिंग हुई। महाराष्ट्र, बिहार और उत्तरप्रदेश में सबसे कम 53 प्रतिशत के आसपास मतदान हुआ। वहीं, मणिपुर से एक वीडियो सामने आया, जिसमें कुछ संदिग्ध एक बूथ के अंदर घुस आये। कांग्रेस ने लोकतंत्र हाइजैक होने का आरोप लगाया। इससे पहले, छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में बूथ पर ड्यूटी के दौरान एक पुलिसकर्मी ने खुद को गोली मार ली। वह मध्य प्रदेश का रहने वाला है। तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि बंगाल की दो लोकसभा सीटों बालूरघाट और रायगंज में सेंट्रल फोर्सेस महिलाओं को वोटिंग से रोक रही हैं। दूसरे फेज में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, पांच केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और तीन फिल्मी सितारे मैदान में हैं। इसके अलावा राहुल गांधी, शशि थरूर और हेमा मालिनी की सीट पर भी मतदान हुए।

# वीवीपैट से हर वोट सत्यापन की मांग वाली अर्जियां खारिज

- सुप्रीम कोर्ट ने बैलट से मतदान करानेवाली याचिकाएं निरस्त की



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (इवीएम) के वोटों की वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) पर्चियों से 100 फीसदी सत्यापन की मांग वाली सभी याचिकाएं खारिज कर दी हैं। इसके साथ ही कोर्ट ने बैलेट पेपर से मतदान कराने वाली याचिकाओं को भी खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने दो निर्देश दिये हैं। पहला यह है कि सिंबल लोडिंग प्रक्रिया पूरी होने के बाद सिंबल लोडिंग यूनिट (एसएलयू) को सील कर दिया जाना चाहिए और उन्हें कम से कम 45 दिनों के लिए सहेज कर रखा जाना चाहिए। इसके अलावा दूसरा निर्देश यह है कि उम्मीदवारों के पास परिणामों के एलान के बाद इंजीनियरों की एक टीम की ओर से जांचे जाने वाले इवीएम के माइक्रोकंट्रोलर प्रोग्राम को पाने का विकल्प होगा। इसके लिए उम्मीदवार को नतीजों के एलान के सात दिनों के अंदर आवेदन करना होगा। इसका खर्च भी उम्मीदवार को खुद ही उठाना होगा। जांच के बाद अगर ये साबित होता है कि इवीएम से छेड़छाड़ की गयी है, तो शिकायत करने वाले उम्मीवार को जांच का पूरा खर्च लौटा दिया जायेगा।

## न्यूज रील्स

### केजरीवाल ने निजी हित को राष्ट्रीय हित से ऊपर रखा : हाइकोर्ट

नयी दिल्ली। उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को दो लाख से अधिक छात्रों को पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराने में विफलता के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और दिल्ली सरकार और आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाले दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को फटकार लगायी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश (एसीजे) मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने कहा कि दिल्ली सरकार केवल सत्ता के विनियोग में रुचि रखती है और मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तारी के बावजूद इस्तीफा नहीं देकर अरविंद केजरीवाल ने व्यक्तिगत हित को राष्ट्रीय हित से ऊपर रखा है। पीठ ने कहा एक अदालत के रूप में किताबें, वर्दी आदि का वितरण यह हमारा काम नहीं है। हम ऐसा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि कोई अपने काम में विफल हो रहा है। आपका मुवक्किल सिर्फ सत्ता में रुचि रखता है। मुझे नहीं पता कि आप कितनी शक्ति चाहते हैं। समस्या यह है कि आप सत्ता हथियाने की कोशिश कर रहे हैं, इसीलिए आपको सत्ता नहीं मिल रही है।

### ब्रजभूषण की याचिका खारिज, 7 मई को आरोप तय होगा

गोंडा। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह की याचिका खारिज कर दी। बृजभूषण ने महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोपों की दोबारा जांच कराने की मांग की थी। कोर्ट अब 7 मई को आरोप तय करेगी।

### विजय माल्या को फ्रांस के जरिये वापस लाने की तैयारी शुरू

नयी दिल्ली। भारत सरकार भगोड़े शराब कारोबारी विजय माल्या को देश लाने की कोशिश कर रही है। इसके लिए सरकार ने फ्रांस के अधिकारियों से बिना शर्त माल्या को भारत को सौंपने की मांग की है। माल्या अभी ब्रिटेन में है, लेकिन भारत इस वक्त हर उस देश से संपर्क कर रहा है, जहां माल्या की प्रॉपर्टी है।

# इंडी गठबंधन आपकी प्रॉपर्टी पर कब्जा करेगा : नरेंद्र मोदी

- कोलकाता में कांग्रेस और तृणमूल पर साधा निशाना

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में एक बार फिर मंगलसूत्र और विरासत टैक्स पर बयान दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन महिलाओं, आदिवासियों और गरीबों के खिलाफ खतरनाक कानून लाना चाहता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेसियों ने महिलाओं का मंगलसूत्र, आदिवासियों के गहने, हर किसी की प्रॉपर्टी की जांच कराने का एलान किया है। इसके लिए कांग्रेस के शहजादे विदेश से एक्स-रे मशीन लाये हैं। वे पूरे देश में एक्स-रे करेंगे। कांग्रेस का इरादा सभी का पैसा, सोना-चांदी, जमीन कब्जा करने का है। उसका एक हिस्सा ये लोग अपने वोट बैंक को दे देंगे। ये कांग्रेस ने घोषणा की है, लेकिन टीएमसी वाले उसके खिलाफ नहीं बोलते। मोदी ने कहा कि टीएमसी और कांग्रेस में तुष्टीकरण की प्रतियोगिता चल रही है। टीएमसी सरकार बंगाल में बांग्लादेशी घुसपैठियों को लाकर बसाने का काम करती है। इन घुसपैठियों से आपकी जमीन और खेत पर कब्जा करवाती है और कांग्रेस आपकी संपत्ति ऐसे वोट बैंक में बांटने की बात कर रही है।

# आजकल मोदी काफी घबराये हुए हैं : राहुल

- बीजापुर में प्रधानमंत्री पर बरसे कांग्रेस सांसद

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेंगलुरु।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि आज कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने भाषण के दौरान काफी घबराये हुए रहते हैं। शायद कुछ दिनों में स्टेज पर उनके आंसू निकल आयें। राहुल कर्नाटक के बीजापुर में चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने पिछले 10 साल में गरीबों से सिर्फ पैसा छीना है। उन्होंने सिर्फ 20-25 लोगों को अरबपति बनाया है। उन अरबपतियों के पास उतना धन है, जितना 70 करोड़ हिंदुस्तानियों के पास है। हिंदुस्तान में 1 फीसदी ऐसे लोग हैं, जो 40 फीसदी धन कंट्रोल करते हैं। राहुल ने कहा कि मोदी कुछ लोगों को अरबपति बनाते हैं। कांग्रेस सरकार करोड़ों लोगों को लखपति बनायेगी। कांग्रेस बेरोजगारी और महंगाई मिटा कर आपको भागीदारी देगी। जितना पैसा मोदी ने अरबपतियों को दिया है, उतना पैसा हम गरीबों को देंगे। उन्होंने कहा कि यह लोकसभा चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है। यह पिछले चुनावों से अलग है, क्योंकि भारत के इतिहास में पहली बार एक पार्टी (भाजपा) और एक व्यक्ति (भाजपा) भारत के संविधान और लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं।

# वॉट्सएप ने कहा- दबाव बनाया तो भारत छोड़ देंगे

- यूजर्स के मैसेज की जानकारी नहीं दे सकते

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** वॉट्सऐप भारत में सर्विस देना बंद कर सकता है। इंस्टेंट मैसेजिंग प्लेटफॉर्म ने दिल्ली हाईकोर्ट में कहा कि अगर उसे मैसेजेस एन्क्रिप्शन तोड़ने के लिए मजबूर किया गया, तो वह भारत से चला जायेगा। मेटा के दो बड़े प्लेटफॉर्म वॉट्सऐप और फेसबुक ने नए संशोधित कळ नियमों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने पिछले महीने दिल्ली हाइकोर्ट में ट्रांसफर कर दिया था। कंपनी ने कोर्ट में कहा कि नये नियमों से यूजर की प्राइवेसी खतरे में आ सकती है। मामले की सुनवाई दिल्ली हाइकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की बेंच कर रही है।

### कोर्ट में वॉट्सएप के वकील की 3 बड़ी बातें

- आइटी नियम 2021 एन्क्रिप्शन के साथ यूजर्स की गोपनीयता को कमजोर करता है। यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 19 और 21 के तहत मौलिक अधिकारों का भी उल्लंघन करता है।
- दुनिया में कहीं और ऐसा कोई नियम नहीं है, ब्राजील में भी नहीं। यह नियम उपयोगकर्ताओं की गोपनीयता के खिलाफ है और नियम बिना किसी परामर्श के पेश किया गया था।
- हमें एक पूरी श्रृंखला रखनी होगी और हमें नहीं पता कि किन मैसेज को सरकार मांग सकती है। इसका मतलब है कि करोड़ों मैसेज वर्षों तक स्टोर करना होगा।

### बीच का रास्ता निकालें : हाइकोर्ट

वॉट्सऐप की ओर से एडवोकेट तेजस करिया और सरकार की ओर से कीर्तिमान सिंह दलील रख रहे थे। दोनों पक्षों के बीच संक्षिप्त बहस के बाद हाईकोर्ट ने बीच का रास्ता निकालने को कहा। मामले की अगली सुनवाई 14 अगस्त को होगी।



# झारखंड के दर्जन भर विधायक हैं सांसद बनने की दौड़ में

## ■ झामुमो ने चार, भाजपा ने तीन और कांग्रेस ने दो विधायकों पर लगाया है दांव

## ■ भाकपा-माले के एक विधायक के साथ दो बागी विधायक भी उतरे हैं रेस में

## ■ लोकसभा चुनाव के बाद झारखंड विधानसभा की दो सीटें हो जायेंगी खाली

**आजाद सिपाही विशेष**

झारखंड के सभी 14 संसदीय क्षेत्रों में मुकाबले की तस्वीर साफ हो गयी है। चार संसदीय क्षेत्र में तो नामांकन दाखिल करने का काम भी पूरा हो गया है। चुनावी मुकाबले की तस्वीर पर नजर दौड़ाने से एक बात साफ हो जाती है कि इस बार झारखंड में राजनीतिक दलों के पास संसदीय चुनाव में उतारने लायक प्रत्याशियों की भारी कमी रही। यही कारण है कि इस बार झारखंड की पांचवीं विधानसभा के एक दर्जन सदस्य लोकसभा चुनाव के मैदान में उतारे गये हैं। हालांकि विधायकों को संसदीय चुनाव के मैदान में उतारने का यह पहला मौका नहीं है, लेकिन झारखंड के इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में विधायकों को लोकसभा का टिकट दिया गया है। इतना ही नहीं, राज्य की 14 संसदीय सीटों में से 10 पर ये विधायक चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें दो ऐसी हैं, जहां इस बार विधायकों के बीच मुकाबला होगा। इनमें संथाल परगना का मुख्यालय और राज्य की उप राजधानी दुमका और उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल का मुख्यालय हजारीबाग शामिल है। इसके अलावा जमशेदपुर, लोहरदगा, राजमहल, गोड्डा, चाइबासा, कोडरमा, धनबाद और गिरिडीह में भी राजनीतिक दलों ने विधायकों को संसदीय चुनाव में उतारा है। झारखंड में इतनी बड़ी संख्या में विधायकों के संसदीय चुनाव में प्रत्याशी बनाये जाने का कारण क्या है, यह गंभीर विवेचना का विषय है। क्या है विधायकों को लोकसभा चुनाव में टिकट दिये जाने के मतलब और इसका क्या हो सकता है असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

पूरे देश के साथ झारखंड में भी संसदीय चुनाव के मुकाबले की तस्वीर पर पड़ी धुंध धीरे-धीरे छंट रही है। चाहे भाजपा हो या कांग्रेस-झामुमो, देश की संसद के निचले सदन, यानी लोकसभा में अपना संख्या बल बढ़ाने और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की सत्ता पर अधिकार जमाने के लिए जोर-आजमाइश कर रहे हैं। इसके लिए बहुत सोच-समझ कर उम्मीदवारों का चयन किया जा रहा है। जहां तक झारखंड की बात है, तो यहां के संदर्भ में एक बात गौर करने लायक है और वह है राजनीतिक दलों द्वारा बड़ी संख्या में विधायकों को लोकसभा चुनाव के अखाड़े में उतारने का फैसला करना।

### झारखंड की सभी सीटों पर तस्वीर साफ

झारखंड में लोकसभा की 14 सीटें हैं। इन सीटों पर जीत हासिल करने के लिए भाजपा और इंडी गठबंधन के घटक दलों, झामुमो-कांग्रेस-राजद-भाकपा माले के बीच मुकाबला होना तय है। राज्य की सभी सीटों पर मुकाबले की तस्वीर साफ हो गयी है, यानी चुनावी मुकाबले में उतरने वाले प्रत्याशियों के नामों का एलान हो गया है। इनमें से पलामू, लोहरदगा, खूंटी और सिंहभूम में तो नामांकन दाखिल करने का काम भी खत्म हो गया है। यहां 13 मई को मतदान होगा। अभी चतरा, कोडरमा और हजारीबाग में नामांकन दाखिल करने का काम चल रहा है, जहां 20 मई को वोट डाले जायेंगे। इसके बाद रांची, जमशेदपुर, गिरिडीह और धनबाद के लिए नामांकन दाखिल करने का काम 29 अप्रैल को शुरू होगा। यहां 25 मई को वोट डाले जायेंगे। 1 जून को दुमका, राजमहल और गोड्डा में वोट डाले जायेंगे और यहां नामांकन दाखिल करने का काम 7 मई से शुरू होगा।

### 10 विधायकों को मिला टिकट, दो बागी

झारखंड में लोकसभा चुनाव के मुकाबले में उतरनेवाले उम्मीदवारों में से दर्जन भर राज्य की वर्तमान विधानसभा के सदस्य हैं। इनमें झामुमो ने चार विधायकों को टिकट दिया है, जबकि भाजपा ने तीन विधायकों को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने दो और भाकपा माले ने एक-एक विधायक को टिकट दिया है। इनके अलावा झामुमो के दो विधायक बागी हो गये हैं और वे निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं।


प्रदीप यादव। (गोड्डा-कांग्रेस)


समीर मोहंती। (जमशेदपुर-झामुमो)


मनीष जयसवाल। (हजारीबाग-भाजपा)


ढुल्लू महतो। (धनबाद-भाजपा)


सीता सोरेन। (दुमका-भाजपा)


मथुरा महतो। (गिरिडीह-झामुमो)


नलिन सोरेन। (दुमका-झामुमो)


जोबा मांझी। (सिंहभूम-झामुमो)


जयप्रकाश भाई पटेल। (हजारीबाग-कांग्रेस)


विनोद कुमार सिंह। (कोडरमा-भाकपा माले)


चमरा लिंडा। (लोहरदगा-निर्दलीय)


लोबिन हेंब्रम। (राजमहल-निर्दलीय)

### किन विधायकों को मिला है टिकट

झामुमो के जिन चार विधायकों को टिकट मिला है, उनमें दुमका से नलिन सोरेन, सिंहभूम से जोबा मांझी, जमशेदपुर से समीर मोहंती और गिरिडीह से मथुरा महतो शामिल हैं। भाजपा ने जिन तीन विधायकों को टिकट दिया है, उनमें हजारीबाग से मनीष जायसवाल, धनबाद से ढुल्लू महतो और दुमका से सीता सोरेन शामिल हैं। कांग्रेस ने मांडू के विधायक जयप्रकाश भाई पटेल को हजारीबाग से और पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव को गोड्डा से टिकट दिया है, जबकि भाकपा माले ने अपने एकमात्र विधायक विनोद सिंह को कोडरमा से मैदान में उतारा है। इनके अलावा बिशुनपुर के झामुमो विधायक चमरा लिंडा ने लोहरदगा संसदीय सीट से निर्दलीय के रूप में नामांकन दाखिल किया है, जबकि बोरियो विधायक लोबिन हेंब्रम ने राजमहल सीट से निर्दलीय के रूप में मैदान में उतरने की घोषणा की है।

इन विधायकों में सीता सोरेन दुमका संसदीय क्षेत्र के तहत जामा से झामुमो की विधायक थीं और हाल ही में भाजपा में शामिल हुई हैं। इसी तरह जयप्रकाश भाई पटेल भाजपा के टिकट पर मांडू से चुने गये थे, लेकिन कांग्रेस में शामिल होने के बाद उन्हें लोकसभा चुनाव का टिकट मिल गया।

### दुमका-हजारीबाग में दो विधायकों में संसद के लिए जंग

इस तरह झारखंड में दो लोकसभा सीटें ऐसी हैं, जहां विधायकों में संसद के लिए जंग होगी। ये सीटें हैं हजारीबाग और दुमका। इन दोनों सीटों पर मुकाबला इसलिए रोचक है, क्योंकि यहां लोकसभा चुनाव के प्रतिद्वंद्वी विधानसभा में एक ही पार्टी का प्रतिनिधित्व करते थे। इन दोनों सीटों का परिणाम चाहे कुछ भी हो, लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा में ये सीटें खाली हो जायेंगी। इन सीटों पर उपचुनाव भी नहीं होगा, इसलिए दुमका और हजारीबाग सदर के लोग करीब छह महीने के लिए विधायक विहीन रहेंगे।

इतनी बड़ी संख्या में विधायकों को चुनाव मैदान में उतारने पर यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या झारखंड के राजनीतिक दलों के पास जन नेताओं की कमी हो गयी है, जिसके कारण पुराने चेहरों पर दांव खेला जा रहा है। या फिर राजनीतिक दल कोई रिस्क नहीं लेना चाहते।

### झारखंड के दलों में नेताओं का टोटा

इतनी बड़ी संख्या में विधायकों को लोकसभा चुनाव का प्रत्याशी बनाये जाने के पीछे एक और कारण यह है कि झारखंड की राजनीति पिछले 23 साल में सत्ता केंद्रित हो गयी है। यानी यहां अब पार्टी संगठन नेपथ्य में चला गया है। दूसरे शब्दों में कहा जाये, तो झारखंड की पार्टियों में नेता बनाने की क्षमता खत्म हो गयी है। झारखंड बनने से पहले देखा जाता था कि पार्टी संगठन ही प्रत्याशियों, मंत्रियों और यहां तक कि मुख्यमंत्री का नाम भी तय करता था। लेकिन झारखंड बनने के बाद से यह परिपाटी खत्म हो गयी। यहां की राजनीति सत्ता के इर्द-गिर्द सिमट कर रह गयी है। मंत्री और चुनावों में प्रत्याशियों के चयन में संगठन की कोई भूमिका नहीं रह गयी। पार्टी का हर फैसला सत्ता में बैठा नेता ही करने लगा। इसका परिणाम यह हुआ कि नेताओं को केवल सत्ता से मतलब रहने लगा। कोई भी नेता संगठन के काम को दोयम दर्जे का समझने लगा।

पार्टी संगठन के सत्ता केंद्रित होने का खामियाजा 2019 में भाजपा को भुगतना भी पड़ा, जब विधानसभा चुनाव में उसे झारखंड की सत्ता से हटना पड़ा। इसका एक प्रमुख कारण पार्टी संगठन पर सत्ता की लगाम कसना था। इसके बाद कांग्रेस और झामुमो समेत दूसरे दल भी इसी बीमारी का शिकार होते गये।

### झारखंड के लिए अच्छा संकेत नहीं

लोकसभा चुनावों में विधायकों को उतारने का फैसला भले ही राजनीतिक दलों के लिए फायदेमंद साबित हो, लेकिन यह झारखंड की सियासी सेहत के लिए अच्छा संकेत नहीं है। राजनीतिक नेतृत्व को हमेशा बदलाव की धार से गुजरते रहना चाहिए, अन्यथा यह ठहर कर बदबूदार हो सकता है। यही खतरा इस समय भी मंडरा रहा है।

---

## गांडेय उपचुनाव और तीन लोस सीटों के लिए अधिसूचना जारी

# 20 मई को पड़ेंगे वोट, 3 मई तक नॉमिनेशन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में लोकसभा चुनाव के तहत पहले चरण (देश का चौथा चरण) की चार सीटों पर नामांकन प्रक्रिया खत्म होने के बाद दूसरे चरण में तीन सीटों कोडरमा, चतरा, हजारीबाग में भी सियासी दंगल शुरू हो गया है। निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को इन तीनों सीटों के अलावा गांडेय उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी की।

लोकसभा की तीन सीटों पर चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही यहां नामांकन प्रक्रिया भी शुरू हो गयी। गांडेय उपचुनाव और लोकसभा की तीनों सीटों पर नामांकन दाखिल की अंतिम तिथि 3 मई निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 4 मई को होगी। नामांकन वापसी की अंतिम तिथि 6 मई निर्धारित है। 20 मई को वोट पड़ेंगे। दूसरे चरण की तीनों सीटें सामान्य हैं। झारखंड विधानसभा की गांडेय सीट से निर्वाचित विधायक डॉ सरफराज अहमद के त्यागपत्र के बाद 31 दिसंबर 2023 से यह सीट रिक्त है।

### हजारीबाग से 1 मई को नामांकन करेंगे झापा उम्मीदवार

रांची। हजारीबाग लोकसभा सीट से झारखंड पार्टी उम्मीदवार राजकुमार कुशवाहा 1 मई को नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन दाखिल करने से पूर्व कुशवाहा अपने निवास स्थान झुमरा तिलैया से पूजा-अर्चना कर निकलेंगे। उसके बाद मेरू, अमृत नगर, कोर्रा मटवारी से पैदल यात्रा करते हुए डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक होते हुए समाहरणालय पहुंचेंगे।

### गिरिडीह से निर्दलीय सुबोध यादव भी 1 मई को करेंगे नामांकन

रांची। डुमरी प्रखंड की बेरहा सुइयाडीह पंचायत के मुखिया सामाजिक कार्यकर्ता सुबोध कुमार यादव 1मई को गिरिडीह लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल करेंगे। उन्होंने बताया कि गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र की जनता की आकांक्षाओं को कोई युवा सांसद ही पूरा कर सकता है। यहां से अब तक बने सभी सांसदों ने क्षेत्र के लोगों को सिर्फ बरगलाने का काम किया है। युवाओं के रोजगार की दिशा में किसी ने पहल नहीं की है। लोकसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान के दौरान समाज के सभी वर्गों के लोगों ने उन्हें समर्थन देने का भरोसा दिया है।

# सुप्रीम कोर्ट में हेमंत के मामले में सुनवाई 29 को

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हो गयी है। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट के मुताबिक 29 अप्रैल को शीर्ष अदालत उनके मामले में सुनवाई कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की कोर्ट में यह मामला सूचीबद्ध हुआ है। दरअसल, हेमंत सोरेन ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से शीर्ष अदालत में क्रिमिनल एसएलपी दाखिल की है। हेमंत सोरेन ने अपनी याचिका में अदालत से गुहार लगायी है कि उनकी ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड हाइकोर्ट ने 28 फरवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। फैसला सुरक्षित रखने के बाद करीब 55 दिन बीत जाने के बाद भी हाइकोर्ट ने अब तक अपना फैसला नहीं सुनाया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट का भी दरवाजा खटखटाया है। इस पर 1 मई को सुनवाई होनी है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाई अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप फिलहाल बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में हैं।

## गांडेय उपचुनाव पर रोक की अर्जी कोर्ट ने की खारिज

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट ने गांडेय उपचुनाव पर रोक की अर्जी को खारिज कर दिया है। हाइकोर्ट ने प्रार्थी से कहा है कि अगर उन्हें इस उपचुनाव से कोई शिकायत थी, तो अधिसूचना जारी होने के पहले कोर्ट को बताना चाहिए था। अधिसूचना जारी हो जाने के बाद अदालत चुनाव रद्द नहीं कर सकती। गौरतलब है कि 20 मई को गांडेय में उपचुनाव के लिए मतदान होगा। झामुमो ने इस उपचुनाव के लिए कल्पना मुर्मू सोरेन को मैदान में उतारा है।

गौरतलब है कि वीरेंद्र मंडल नामक एक व्यक्ति ने गांडेय उपचुनाव कराने को लेकर याचिका दाखिल की थी। वीरेंद्र मंडल ने कहा था कि झारखंड विधानसभा का कार्यकाल अब एक साल से कम रह गया है। इसलिए उपचुनाव नहीं होना चाहिए। इसमें उन्होंने बांबे हाइकोर्ट के एक आदेश का हवाला भी दिया था, जिसमें एक साल से कम समय रहने पर उपचुनाव नहीं कराने का आदेश दिया गया था। इस पर झारखंड हाइकोर्ट ने कहा कि अब चुनाव की अधिसूचना जारी हो गयी है, ऐसे में अदालत अब कुछ नहीं कर सकती। बता दें कि सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद गांडेय सीट खाली हो गयी थी, जिस पर 20 मई को मतदान होना है। यहां से झामुमो की कल्पना सोरेन और भाजपा के दिलीप वर्मा चुनावी मैदान में हैं।

# चुनाव आयोग ने की नयी परंपरा की शुरुआत: सुप्रियो

## साहस है तो पीएम मोदी को नोटिस जारी करे चुनाव आयोग

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से दो राष्ट्रीय दलों को स्टार प्रचारकों के संबंध में नोटिस भेजे जाने पर झामुमो ने एतराज जताया है। केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि चुनाव आयोग ने दो राष्ट्रीय दलों को दो नोटिस भेजा है। दोनो पार्टियों से स्टार प्रचारकों के बारे में स्पष्टीकरण मांगा है। चुनाव आयोग ने ऐसी परंपरा की शुरुआत पहली बार की है। चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने के बाद कांग्रेस प्रवक्ता को नोटिस भेजकर स्पष्टीकरण मांगा गया है। दूसरा स्पष्टीकरण दिलीप घोष से मांगा गया। पीएम नरेंद्र मोदी को नोटिस क्यों नहीं, यह बहुत बड़ा सवाल है। कहा कि गिरिराज सिंह की भाषा पर कोई कुछ नहीं बोल रहा है। बीजेपी के कई अन्य नेता गलत भाषण और बयानबाजी करने से बाज नहीं आते हैं, लेकिन चुनाव आयोग उन नेताओं पर कार्रवाई नहीं कर रहा है।

### इवीएम पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला मान्य

सुप्रीम कोर्ट ने इवीएम से वोटिंग की मान्यता को वैध करार दिये जाने के फैसले पर कहा कि यह अंतिम फैसला नहीं है। क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि फिर से सुनूंगा यदि कोई शिकायत है। अगर शिकायत है, तो उसकी जांच भी हो सकती है। बशर्ते जांच का खर्च शिकायतकर्ता को देना होगा।

## गैंग्स ऑफ वासेपुर की तर्ज पर काम कर रहा गैंग्स ऑफ छोटानागपुर

# लव जिहाद के बाद झारखंड में लैंड जिहाद: प्रतुल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि झारखंड में लव जिहाद के बाद लैंड जिहाद शुरू हो गया है। रांची में भाजपा के मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत में प्रतुल शाहदेव ने कहा कि गैंग्स ऑफ वासेपुर की तर्ज पर गैंग्स ऑफ छोटानागपुर काम कर रहा है, जो पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झामुमो के कई बड़े नेताओं को जमीन कब्जा करने के लिए कागजात बनाने में मदद करता था। कहा कि हेमंत सोरेन की कब्जे वाली 8.86 एकड़ की बेनामी जमीन पर कब्जे में जिन लोगों पर कागजात के साथ छेड़छाड़ के आरोप लगाये हैं, उनमें प्रमुख है इरशाद, अफसर अली, इम्तियाज, सद्दाम, ताल्हा और फैयाज। प्रतुल शाहदेव ने जानना चाहा है कि क्या यह बात सही है कि रात के आठ बजे के बाद इस गैंग्स के सदस्यों की मुख्यमंत्री आवास में इंट्री करने की खुली छूट थी और उस समय सीसीटीवी कैमरा भी ऑफ कर दिया जाता था।

### राजनीतिक संरक्षण भी खूब मिलता रहा

प्रतुल शाहदेव ने कहा कि लैंड जिहादी गैंग ने जगन्नाथपुर के कचनार टोली की बेशकीमती जमीन पर भी कब्जा कर लिया। इसमें भी गठबंधन से जुड़े जाकिर का नाम आया। जाकिर के साथ मुबारक खान, शमीम खान, इकबाल, नासिर इकराम, अब्दुल सलीम, राशिद हुसैन, मंजूर और अनवर को भी आरोपी बनाया गया है। कहा कि जिस तरीके से हेमंत सोरेन पार्ट वन और पार्ट 2 में सेना और सरकार की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश हो रही है, उससे साफ दिख रहा है कि इनको कहीं ना कहीं राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है।

### डायरी खोल सकती है कई राज

प्रतुल शाहदेव ने कहा कि प्रेम प्रकाश, अमित अग्रवाल, पंकज मिश्रा के बाद अब अंतू तिर्की का नये घोटालेबाज के रूप में पदार्पण हुआ है। अंतू की डायरी की इंट्री ने स्पष्ट कर दिया है कि सरकारी संरक्षण में जमीन की लूट का खेल चल रहा था। उन्होंने कहा कि जानकारी मिल रही है कि अंतू तिर्की की डायरी में झामुमो के कई बड़े नेताओं से लेनदेन की बात भी निकली है। यह कैसा संयोग है कि हेमंत सोरेन ने जिस 8.86 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा किया था, इसी खाता और खेसरा की बगल वाली जमीन पर अंतू तिर्की ने भी कब्जा कर रखा था। यह सुनियोजित लूट का एक बड़ा हिस्सा है।

# इस बार का चुनाव सबसे महंगा एक वोट पर 14 सौ रुपये का खर्च

**जानकारी**

सलोनी

**समय** के साथ ही चुनाव पर लगातार खर्चा बढ़ता जा रहा है। आज के समय में चुनाव आयोग के लिए निष्पक्ष और सुचारु ढंग से चुनाव कराना महंगा हो गया है। देश में पहले लोकसभा चुनाव से अब तक वोट करने वालों से लेकर वोटिंग के तरीके तक में बहुत बदलाव आया है। पहले बैलेट पेपर का इस्तेमाल होता था, जो अब इवीएम और वीवीपैट में तब्दील हो गया है। राजनीतिक दलों की तरफ से भी बीते कुछ सालों में धन-बल का ज्यादा इस्तेमाल किया जा रहा है। इस पर भी चुनाव आयोग ने नकेल कसी है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपके एक वोट की कीमत क्या है?

## पहले आम चुनाव में कितना खर्च आया

इस बार 18वीं लोकसभा के चुनाव होंगे। इस चुनाव में लगभग 97 करोड़ से ज्यादा वोटर हिस्सा लेंगे। मतदाताओं की संख्या के हिसाब से यह दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव होने वाला है। देश में पहली बार जब 1951 में आम चुनाव हुए थे, तब करीब 17 करोड़ वोटरों ने इसमें भाग लिया था। उस वक्त प्रति मतदाता 60 पैसे का खर्च आया था। हालांकि, पहले आम चुनाव में सिर्फ 10.5 करोड़ रुपये खर्च हुए थे।

वहीं, 2019 तक आते-आते 6500 करोड़ रुपये का खर्च आया। लोकसभा चुनाव के खर्च के आंकड़ों की बात करें तो 1957 के आम चुनाव को छोड़ कर हर लोकसभा चुनाव में खर्च में बढ़ोत्तरी हुई है। 2009 से 2014 के बीच तो चुनाव का खर्च करीब तीन गुना बढ़ गया। 2009 के लोकसभा चुनाव में जहां 1114.4 करोड़ रुपये खर्च हुए थे, तो 2014 में 3870.3 करोड़ रुपये खर्च हुए और 2019 के लोकसभा चुनाव में 6500 करोड़ रुपये का खर्च आया था।




अगर प्रति वोटर की बात की जाये, तो पहले लोकसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग ने प्रति वोटर 60 पैसे खर्च किये थे। साल 2004 में यह बढ़ कर 17 रुपये और 2009 में 12 रुपये प्रति वोटर पर जा पहुंचा। वहीं, साल 2014 के चुनाव में इसमें भारी बढ़ोत्तरी देखी गयी। साल 2014 में प्रति मतदाता खर्च 46 रुपये हो गया। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में यह खर्च बढ़ कर 72 रुपये प्रति वोटर पहुंच गया था। देश में सबसे कम खर्चीला लोकसभा चुनाव 1957 का था। तब चुनाव आयोग ने सिर्फ 5.9 करोड़ रुपये खर्च किये थे। यानी प्रति मतदाता तब चुनाव खर्च केवल 30 पैसा आया था। हालांकि, साल 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रति वोटर 14 सौ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

## कौन उठाता है खर्च

अब सभी के मन में सवाल उठ रहा होगा कि लोकसभा चुनाव का खर्च कौन वहन करता है। तो बता दें कि लोकसभा चुनाव का सारा खर्च केंद्र सरकार वहन करती है। इसमें चुनाव आयोग के प्रशासनिक कामकाज से लेकर, चुनाव में सिक्योरिटी, पोलिंग बूथ मशीन खरीदने, वोटर्स को जागरूक करने और वोटर आइडी कार्ड बनाने जैसे खर्चे शामिल हैं। आजादी के बाद लंबे समय तक बैलेट पेपर के माध्यम से ही चुनाव हुए थे। 2004 से हर लोकसभा क्षेत्र में इवीएम के जरिए ही वोटिंग होती है। इलेक्शन कमीशन के मुताबिक साल दर साल इवीएम मशीन की खरीद के खर्च में भी इजाफा हुआ है।

## चुनाव के खर्च में बढ़ोत्तरी क्यों हुई

लोकसभा चुनाव का खर्च भी कुछ वजहों से बढ़ा है। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह है कि एक तो वोटर्स की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी हुई है। दूसरा प्रत्याशियों से लेकर पोलिंग बूथ और संसदीय क्षेत्रों की संख्या में भी बढ़ोत्तरी हुई है। 1951-1952 के लोकसभा चुनाव में 53 पार्टियों के 1874 उम्मीदवार 401 सीटों से मैदान में उतरे थे। 2019 में यह संख्या काफी बढ़ गयी। पिछले आम चुनाव में 673 पार्टियों के 8054 उम्मीदवारों ने 543 सीटों पर अपनी किस्मत आजमायी थी। देशभर में कुल 10.37 लाख पोलिंग बूथ पर वोटिंग हुई थी।

**हॉट सीट : उत्तर-पूर्वी दिल्ली**

# बैनर-पोस्टर में ही दिख रहे हैं कन्हैया कुमार

प्रशांत

**दिल्ली लोकसभा** चुनाव प्रचार में कांग्रेस काफी पिछड़ती नजर आ रही है। आप और भाजपा प्रत्याशी जनसंपर्क अभियान में जुटे हैं, लेकिन कांग्रेस प्रत्याशी अभी ज्यादा दूर तक नहीं चल सके हैं। इसमें भी उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा में प्रचार अभियान की शुरुआत तक नहीं दिखायी पड़ रही है। नाम घोषित होने के 11 दिन बाद भी कांग्रेस प्रत्याशी कन्हैया कुमार प्रचार को धार नहीं दे रहे हैं। हालांकि, पोस्टर-बैनर में दिखायी पड़ रहे हैं, लेकिन पार्टी सूत्र बताते हैं कि अभी तक न तो कार्यकर्ताओं के साथ किसी तरह की बैठक हुई है और न ही सीधा परिचय। भले ही कन्हैया अपने क्षेत्र में 11 दिन बाद भी नजर नहीं आये है। करीबियों का कहना है कि 28 और 29 अप्रैल से वे धमाकेदार एंट्री कर रहे हैं।



कांग्रेस ने उत्तर- पूर्वी दिल्ली सीट से कन्हैया कुमार को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने अपने दो बार से सांसद रहे मनोज तिवारी पर तीसरी बार दांव लगाया है। दोनों पूर्वांचलियों के चुनाव मैदान में उतरने से मुकाबला काफी रोचक हो गया है। पूर्वांचली मतदाताओं के बीच इस मुकाबले को लेकर काफी चर्चा है।

कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार कन्हैया के चुनावी प्रचार के लिए भी कार्यकर्ताओं की तैयारी है, हालांकि 11 दिनों के बाद भी कन्हैया अपने क्षेत्र में सार्वजनिक कार्यक्रम में अभी तक शरीक नहीं हुए हैं। यहां तक कि जब सभी प्रत्याशी हनुमान जयंती पर सोशल मीडिया के माध्यम से काफी सक्रिय दिखे, लेकिन यहां भी कन्हैया नदारद रहे। दबी जुबान में कांग्रेस कार्यकर्ता भी कह रहे हैं कि चुनाव काफी करीब है। गठबंधन के तहत चुनावी मैदान में हैं, लिहाजा आप और कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय काफी अहम है।

# बक्सर में लालू का खेल बिगाड़ने मैदान में पहलवान

विद्यासागर

**बिहार का रणक्षेत्र**

**बिहार** के बक्सर लोकसभा का चुनावी इतिहास देखें तो यह किसी खास पार्टी का गढ़ नहीं रहा है। यहां से कांग्रेस 1984 के पहले जीत हासिल करती रही थी। कांग्रेस के बाद बीजेपी यहां से कई बार जीत हासिल करती रही है। पर यहां से निर्दलीय प्रत्याशी ने भी जीत दर्ज की तो कभी वाम दल ने भी। एक बार लोक दल ने भी जीत का परचम लहराया। 2024 लोकसभा चुनाव का आगाज भी काफी संघर्ष भरा दिखने लगा है। हालांकि इस बार भी लड़ाई बीजेपी और आरजेडी के उम्मीदवार के बीच है। पर एन समय पर ददन पहलवान का प्रवेश लालू यादव का कहीं खेल बिगाड़ न दे।

बक्सर का चुनावी अंदाज इस बार बदला-बदला दिख रहा है। बीजेपी ने भी अपने सीटिंग सांसद अश्विनी चौबे को विराम देकर नया उम्मीदवार दिया है तो आरजेडी ने भी गत चुनाव के रनर रहे जगदानंद सिंह को विराम देकर नया उम्मीदवार उतारा है। बीजेपी ने अपने पूर्व विधायक मिथिलेश तिवारी को उम्मीदवार बनाया है। मिथिलेश तिवारी 2015 में गोपालगंज के बैकुंठपुर विधानसभा के विधायक रहे। 2020 के विधानसभा चुनाव में मिथिलेश तिवारी को हार मिली, फिलहाल वह पार्टी के प्रदेश महासचिव हैं।



ददन पहलवान।



मिथिलेश तिवारी।



सुधाकर सिंह।

उधर, आरजेडी ने भी अपने पूर्व कृषि मंत्री और विधायक सुधाकर सिंह को इस चुनावी जंग में उतारा है। सुधाकर सिंह आरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के बेटे हैं और रामगढ़ विधानसभा के विधायक भी। ये वही सुधाकर सिंह हैं, जो महागठबंधन की सरकार में कृषि मंत्री थे, जिन्होंने नीतीश कुमार के ड्रीम प्रोजेक्ट कृषि रोड मैप को नकारते हुए कहा था कि अधिकारी के लूटने वाला मैप है। इससे किसानों को कोई लाभ नहीं।

पूर्व विधायक मिथिलेश सिंह को बनी बनायी पिच पर तन्मयता के साथ बैटिंग करनी है। पहले तो लालमुनि चौबे ने बीजेपी की मजबूत आधार शिला रखी फिर अश्विनी चौबे भी गत दो टर्म से विजय पताका लहराते रहे। 2014 लोकसभा के चुनाव में बीजेपी उम्मीदवार अश्विनी चौबे ने आरजेडी के उम्मीदवार जगदानंद सिंह को परास्त किया। तब चौबे को 319012 मत मिले थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में चौबे को 473033 मत मिले और जगदानंद सिंह को 355444 मत मिले।

पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह पिता की विरासत थामने इस चुनाव में उतरे हैं। इनके पिता जगदानंद सिंह ने 2009 में बीजेपी के चर्चित नेता लालमुनि चौबे की जीत के रथ को रोक डाला। उस चुनाव में आरजेडी उम्मीदवार जगदानंद सिंह को 132000 मत मिले थे, जबकि बीजेपी के लालमुनि चौबे को 130000 मत मिले थे। अभी तक तो लग रहा था कि मुकाबला एनडीए और इंडिया गठबंधन में आमने सामने का है। पर इस सीधी लड़ाई का रुख बदलने पूर्व मंत्री ददन पहलवान चुनावी मैदान में उतरने वाले हैं। अगर ये चुनावी जंग में उतरते हैं तो बक्सर का जंग त्रिकोणात्मक हो जायेगा। 2009 लोकसभा के चुनाव को पहले भी इन्होंने त्रिकोणात्मक बना डाला था। तब जगदानंद सिंह को 1.32 लाख, लालमुनि चौबे को 1.60 लाख और बसपा से चुनाव लड़े ददन पहलवान को 1.27 लाख मत मिले थे।

# पिता के लिए वोट मांगने गांवों में महाआर्यमन सिंधिया

**चुनाव प्रचार**

अक्षय

**गुना-शिवपुरी** संसदीय क्षेत्र में इस समय चुनाव प्रचार जोरों पर है। खासकर केंद्रीय मंत्री और गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया के परिवारजन इस समय लोगों से संपर्क कर रहे हैं और चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे महाआर्यमन सिंधिया ने पिछोर विधानसभा क्षेत्र में लोगों से संपर्क किया और अपने पिता को वोट देने की अपील की। इस चुनावी प्रचार के दौरान ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे महाआर्यमन ने बैलगाड़ी पर सवार होकर अपने पिता के लिए वोट मांगे। यहां पर बैलगाड़ी पर बैठ कर महाआर्यमन सिंधिया भाजपा समर्थक नेताओं के साथ निकले।





इस दौरान महाआर्यमन सिंधिया के ऊपर उनके समर्थकों द्वारा जेसीबी से फूल बरसाये गये। जेसीबी से फूल बरसाने के दौरान बीच में बैलगाड़ी पर सवार होकर महाआर्यमन सिंधिया मौजूद थे। इस मौके पर बड़ी संख्या में युवा टीम मौजूद रही, जिन्होंने सिंधिया परिवार के समर्थन में जोरदार नारे लगाये। गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र में देखा जाये, तो ज्योतिरादित्य सिंधिया स्वयं अपने लिए प्रचार कर रहे हैं। इसके अलावा उनकी पत्नी प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया भी प्रचार में लगी हुई हैं और लोगों से संपर्क कर रही हैं, संवाद स्थापित कर रही हैं।

प्रियदर्शनी राजे सिंधिया डोर टू डोर महिलाओं के घरों पर पहुंच करके अपने पति के लिए वोट मांग रही हैं। वहीं ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे महाआर्यमन सिंधिया भी संसदीय क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पहुंच कर युवाओं से संवाद कर रहे हैं व लोगों से मुलाकात कर रहे हैं और अपने पिता के लिए वोट मांग रहे हैं। संसदीय क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान महाआर्यमन सिंधिया ने माधव नेशनल पार्क के अंदर स्थित प्राचीन बलारपुर माता मंदिर में पहुंच कर यहां पर माता के दर्शन किये और यहां के महंत प्रयाग भारती से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया।

# फूलपुर में जातीय समीकरणों पर नजर, तो इलाहाबाद में सियासी परिवारों की भी परीक्षा

**हॉट सीट**

मुकेश

**चुनाव** की तारीख नजदीक आने के साथ ही राजनीतिक दल भी पत्ते खोलने लगे हैं। इसी के साथ जीत-हार के समीकरण भी बनने लगे हैं। फूलपुर में निर्णायक भूमिका निभाने वाले पिछड़ों पर सभी दलों की नजर है। इस सीट पर पिछड़ों में भी चुनाव को कुर्मी बनाम अदर बैकवर्ड बनाने की जोड़तोड़ शुरू हो गयी है। वहीं, इलाहाबाद सीट पर बसपा ने अभी उम्मीदवार की घोषणा नहीं की, लेकिन भाजपा और कांग्रेस ने अगड़ी जाति के साथ सियासी परिवारों पर दांव खेला है। इससे लड़ाई करीबी बतायी जा रही है। फूलपुर लोकसभा क्षेत्र के जातीय समीकरण को देखें तो यहां कुल मतदाताओं की संख्या 20.47 लाख से अधिक है। इनमें सबसे अधिक तीन लाख से ज्यादा कुर्मी मतदाता हैं। यादव मतदाताओं की संख्या भी दो लाख से अधिक है। वहीं, पिछड़ी जाति के अन्य मतदाताओं की संख्या तीन लाख से अधिक है। करीब ढाई लाख मुस्लिम और ढाई लाख से अधिक अनुसूचित जाति के मतदाता भी हैं। अगड़ी जातियों में ब्राह्मण वोटरों की संख्या करीब दो लाख है। शहर के दोनों विधानसभा क्षेत्रों शहर उत्तरी एवं पश्चिमी में कायस्थ मतदाताओं की संख्या भी दो लाख से अधिक है।



फूलपुर सीट पर पिछड़ों की निर्णायक भूमिका रहती है। इनमें भी कुर्मी मतदाताओं की बड़ी भूमिका होती है। इसका अनुमान इससे भी लगाया जा सकता है कि 1977 में कमला बहुगुणा जीती थीं। इसके बाद 12 चुनाव हुए और 11 बार पिछड़ी जाति के उम्मीदवार विजयी रहे। अगड़ी जाति से कपिल मुनि करवरिया की ही जीत हुई है। इनके अलावा 2004 में अतीक अहमद की जीत हुई थी तो 2014 में केशव प्रसाद मौर्य जीते थे।

गौर करने वाली बात यह है कि शेष नौ चुनावों में भी कुर्मी उम्मीदवार ही संसद पहुंचने में सफल रहे। इस जातीय समीकरण को देखते हुए भाजपा ने प्रवीण पटेल को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, सपा ने यादव और मुस्लिम मतदाताओं के साथ अन्य पिछड़ी जातियों के ध्रुवीकरण को ध्यान में रखते हुए अमर नाथ मौर्य को प्रत्याशी बनाया है। सपा के एक वरिष्ठ नेता के अनुसार पार्टी की पूरी कोशिश चुनाव को कुर्मी बनाम अदर बैकवर्ड बनाने की भी है। हालांकि, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की मजबूत दखल वाली इस सीट पर सपा की रणनीति कितनी सफल होगी, यह तो चुनाव के नतीजे ही बतायेंगे। बसपा की भी एक लाख से अधिक जाटव और मुस्लिम मतदाताओं के साथ अदर बैकवर्ड मतदाताओं पर नजर है। इस समीकरण को ध्यान में रख पार्टी ने जगन्नाथ पाल को उम्मीदवार बनाया है।

## इलाहाबाद सीट पर ब्राह्मण मतदाता हैं निर्णायक

इलाहाबाद सीट की स्थिति उलट है। इस सीट पर ब्राह्मण तथा भूमिहार मतदाताओं की निर्णायक भूमिका मानी जाती है। वहीं, पिछड़ों में निषाद, कुर्मी मतदाताओं की अधिक संख्या है। इस सीट पर कोल मतदाताओं की भी बड़ी संख्या है। हालांकि, चुनावों में इस सीट पर अगड़ी जाति के नेताओं का ही वर्चस्व रहा है। इसका अनुमान इससे लगाया जा सकता है कि अब तक सभी चुनावों में अगड़ी जाति के नेता ने ही जीत हासिल की है। इसी समीकरण को देख भाजपा ने नीरज त्रिपाठी, कांग्रेस ने सपा से आये उज्ज्वल रमण सिंह को उम्मीदवार बनाया है। नीरज भाजपा के कद्दावर नेता रहे पूर्व राज्यपाल केशरी नाथ त्रिपाठी के पुत्र हैं, तो उज्जवल के पिता रेवती रमण सिंह यहां से दो बार सांसद रहे। इसके अलावा उनका क्षेत्र के लोगों के बीच चार दशक से मजबूत दखल है। इस तरह से यह चुनाव दो सियासी परिवारों का होने से भी दिलचस्प हो गया है। ऐसे में सभी की नजर बसपा है। बसपा ने अभी उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। हालांकि, बसपा की ओर से पिछड़ी जाति से उम्मीदवार बनाये जाने की बात कही जा रही है। यदि ऐसा हुआ तो बहुकोणीय होने के साथ इस चुनाव में भाजपा एवं इंडिया गठबंधन के पिछड़ी जाति के नेताओं की परीक्षा भी होगी।

फूलपुर से अपना दल कमेरावादी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल के चुनाव लड़ने की संभावना जताई जा रही है। उन्हें एआईएमआईएम का भी समर्थन प्राप्त है। यह गठबंधन पीडीएम (पिछड़ा, दलित एवं मुस्लिम) के हकों की लड़ाई के दावों के साथ लोकसभा चुनाव में ताल ठोक रहा है। ऐसे में पल्लवी फूलपुर से चुनाव लड़ती हैं तो चुनावी समीकरण बदलना तय माना जा रहा है।

# श्रीकृष्ण की ससुराल में महाभारत

राजवीर

**हॉट सीट: अमरावती**

**चुनाव आयोग** की सख्ती से चुनाव प्रचार का शोर तो नहीं दिख रहा, लेकिन अमरावती शहर में दाखिल होते ही प्रचार की रंगत दिखायी पड़ने लगती है। पौराणिक मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण की ससुराल पश्चिम विदर्भ के अमरावती में थी और यहां के कौंडण्यपुर में रुक्मिणी का मायका था। यह भी दंतकथा है कि राजा दशरथ की मां इंदुमति भी यहां की राजकुमारी थीं। पौराणिक महत्व वाले अमरावती में हिंदुत्व कभी चुनावी मुद्दा नहीं रहा। भाजपा प्रवक्ता रहीं नूपुर शर्मा के विवादित बयान के बाद केमिस्ट उमेश कोल्हे की हुई निर्मम हत्या के बाद यहां का सामाजिक तानाबाना बिगड़ा है। इसके चलते यहां हिंदुत्व की राजनीति के साथ ही जातिगत ध्रुवीकरण भी दिखायी दे रहा है।



नवनीत राणा (भाजपा)।



बलवंत वानखेड़े (कांग्रेस)।

### छह विधानसभा, भाजपा का एक भी विधायक नहीं

अमरावती विदर्भ का दूसरा बड़ा संभाग है। लोकसभा क्षेत्र में कुल छह विधानसभा क्षेत्र हैं, जिसमें अमरावती, बडनेरा, दयापुर, अचलपुर, तिवसा और मेलघाट शामिल हैं। बडनेरा से नवनीत राणा के पति रवि राणा निर्दलीय विधायक हैं, जबकि कांग्रेस के तीन सुलभा संजय खोडके, तिवसा से यशोमती ठाकुर और दयापुर से बलवंत बसवंत वानखड़े विधायक हैं। मेलघाट और अचलपुर में प्रहार संगठन के राजकुमार पटेल और बच्चू कडू विधायक हैं। यहां भाजपा का कोई विधायक नहीं है। यहां शहर की तुलना में ग्रामीण मतदाताओं की संख्या दोगुनी है। दलित-आदिवासी, कुनबी, सिंधी और मुस्लिम के अलावा तीन लाख से अधिक हिंदीभाषी मतदाता हैं, जो निर्णायक साबित हो सकते हैं। दिनेश लड़ाई को त्रिकोणीय बनाने की कोशिश में हैं।

प्रतिभा पाटिल के रूप में पहली महिला राष्ट्रपति और पंजाबराव देशमुख के रूप में देश को पहला कृषि मंत्री देने वाले अमरावती से सियासत के कई धुरंधर निकले हैं। बीते कुछ वर्षों से सांसद नवनीत राणा चर्चा में हैं। आजादी के बाद पहली बार भाजपा यहां चुनाव लड़ रही है। प्रत्याशी हैं पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के घर के सामने हनुमान चालीसा पढ़ने की चुनौती देने वाली नवनीत राणा। तब उन्हें पति रवि राणा के साथ 12 दिन जेल में बिताने पड़े थे। उसके बाद से राणा दंपती हनुमान भक्त बन चुका है। यहां के लोग कहते हैं कि वह दिन में तीन बार हनुमान चालीसा का पाठ करती हैं। प्रतीक वारीकर बताते हैं कि राणा दंपती अमरावती शहर से बाहर 10 एकड़ में 111 फुट की विशालकाय प्रतिमा का निर्माण करवा रहा है। उन्होंने उमेश कोल्हे की हत्या का मुद्दा भी जोरशोर से उठाया था। अमरावती के लोग कहते हैं, कोल्हे हत्याकांड को लोग भूले नहीं हैं। राणा परिवार के साथ ही यहां उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की प्रतिष्ठा भी दांव पर है।

पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल (1991-96) के बाद अमरावती में कांग्रेस दोबारा कभी नहीं जीत सकी है। इस बार विधायक बलवंत वानखड़े कांग्रेस की ओर से चुनौती पेश कर रहे हैं। एससी के लिए आरक्षित सीट पर दबंग विधायक ओम प्रकाश उर्फ बच्चू कडू की प्रहार जनशक्ति पार्टी से दिनेश बूब, बसपा से संजय कुमार गाडगे और निर्दलीय आनंदराज आंबेडकर सहित 37 प्रत्याशी मैदान में हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 67,900 रु./10 ग्राम
चांदी 85,000 रु./प्रति किलो



# चतरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के रोड शो और जनसभा में बाबूलाल और अमर बाउरी हुए शामिल






प्रचंड गरमी और धूप भरी दोपहर में लगभग 12.45 में कालीचरण रोड शो करते हुए चुनाव कार्यालय पहुंचे। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, पांकी विधायक कुशवाहा शशि भूषण मेहता, पूर्व आइजी एवं भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह, राम देव सिंह भोक्ता आदि उपस्थित थे। नामांकन के बाद जनसभा हुई, जहां भाजपा नेताओं ने विपक्ष पर निशाना साधा और अपने प्रत्याशी के पक्ष में वोट की अपील की। *सभी फोटो : प्रदीप ठाकुर*

### सरकार और जेएसएससी को सुप्रीम कोर्ट ने कहा

## बिना अनुमति आचार्य नियुक्ति का रिजल्ट प्रकाशित नहीं करें

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जेटेट पास अभ्यर्थी की ओर से सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा में सीटेट पास और झारखंड के पड़ोसी राज्य से टेट परीक्षा पास अभ्यर्थी को शामिल करने के मामले में दाखिल याचिका की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में हुई। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति जेके महेश्वरी, न्यायमूर्ति संजय करोल की खंडपीठ ने निर्देश दिया कि सरकार और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग सुप्रीम कोर्ट की अनुमति के बिना सहायक आचार्य नियुक्ति का रिजल्ट प्रकाशित नहीं कर सकती है। क्योंकि यह मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। इसलिए मामले के लंबित रहने तक रिजल्ट प्रकाशित नहीं किया जाये। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में निर्धारित की है। बता दें कि सहायक आचार्य के लिए हिंदी के लिए परीक्षा 27 अप्रैल से शुरू हो रही है। प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता गोपाल शंकर नारायण, अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने पैरवी की।



### क्या है मामला

सीटेट उत्तीर्ण अभ्यर्थी संघ की ओर से दायर जनहित याचिका पर हाइकोर्ट ने दिसंबर 2023 में अपना फैसला सुनाया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गयी है। हाइकोर्ट ने करीब 26001 पदों पर सहायक आचार्य की होनेवाली नियुक्ति परीक्षा में सीटेट पास अभ्यर्थी या झारखंड के पड़ोसी राज्य से टेट परीक्षा पास करनेवाले झारखंड के निवासी अभ्यर्थियों को इस परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी थी। सुप्रीम कोर्ट में झारखंड टेट पास अभ्यर्थियों परिमल कुमार और अन्य ने हाइकोर्ट के इस आदेश को चुनौती दी थी। प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता गोपाल शंकर नारायण, अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने पैरवी की। उनकी ओर से सुप्रीम कोर्ट में प्रार्थी का पक्ष रखते हुए कहा गया कि झारखंड की क्षेत्रीय भाषा संथाली, खोरठा आदि का ज्ञान जेटेट अभ्यर्थियों के पास है।

## 6800 सिपाही नियुक्ति के खिलाफ दायर याचिका को हाइकोर्ट ने किया खारिज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सिपाही नियुक्ति को चुनौती देनेवाली याचिका को झारखंड हाइकोर्ट ने खारिज कर दिया है। शुक्रवार को हाइकोर्ट में सिपाही नियुक्ति के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई हुई। दोनों पक्षों के बीच बहस चली। दोनों ओर से दलीलें पेश की गयीं। सुनवाई के बाद अदालत ने याचिका को खारिज करते हुए नियुक्ति पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। इस फैसले से नियुक्त सिपाहियों को राहत मिली है।

> अदालत ने याचिका को खारिज करते हुए नियुक्ति पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, इस फैसले से नियुक्त सिपाहियों को राहत मिली

### 6800 सिपाहियों की हुई थी नियुक्ति

बता दें कि रघुवर सरकार के कार्यकाल में वर्ष 2015 में कॉन्स्टेबल की बहाली की गयी थी। 6800 सिपाहियों की नियुक्ति की गयी थी। सुनील टुडू नाम ने सिपाही नियुक्ति विज्ञापन 04/2015 को चुनौती दी थी। इसके बाद अदालत ने नियुक्ति पर अगले आदेश तक रोक लगा दी थी। इसके साथ ही नियुक्त सिपाहियों को नोटिस भी जारी कर दिया गया था। बाद में झारखंड हाइकोर्ट में विज्ञापन संख्या 04/2015 के विरुद्ध दायर याचिका पर सुनवाई शुरू हुई। 15 मार्च को हुई सुनवाई में अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### नयी दिल्ली में 14वीं विश्व पेट्रोकोल कांग्रेस-2024

## बंद खदानों को उपयोग में लाने पर जोर




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** नयी दिल्ली में आयोजित 14वें विश्व पेट्रोकोल कांग्रेस-2024 में सीएमपीडीआइ के निदेशक तकनीकी-आरडीएंडटी अच्युत घटक ने हिस्सा लिया। बताया कि किस प्रकार नवीकरणीय ऊर्जा एकीकृत पंप भंडारण संयंत्र उत्सर्जन की दिशा में भारत की यात्रा में क्रांति ला सकते हैं। श्री घटक ने पीएसपी के लिए परित्यक्त खदानों को फिर से उपयोग में लाने में कोयला उद्योग की भूमिका पर जोर दिया। स्थिरता और नवाचार पर चर्चा की। 14वें विश्व पेट्रोकोल कांग्रेस में राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय दोनों प्रतिनिधियों सराहना की गयी। 97 से अधिक देश और विदेश से आये वक्ताओं ने सम्मेलन में भाग लिया। पेट्रोकोल कांग्रेस पेट्रोलियम, गैस, कोयला उद्योगों पर एकमात्र कांग्रेस है, जिसका ध्यान ऊर्जा के तालमेल पर है।

## हाइकोर्ट से गिरिडीह जिला स्कूल के 52 छात्रों को राहत

### इंटर की कंपार्टमेंटल परीक्षा में शामिल करने का निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने जैक को निर्देश दिया कि इस वर्ष एडमिट कार्ड नहीं मिलने पर इंटरमीडिएट की परीक्षा नहीं दे पाये गिरिडीह जिला स्कूल के 52 छात्रों को इंटरमीडिएट की कंपार्टमेंटल परीक्षा में शामिल कराया जाये। साथ ही इनके रिजल्ट पर कंपार्टमेंटल परीक्षा नहीं लिखा रहेगा। इन 52 छात्रों के लिए यह मुख्य परीक्षा होगी। कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता उपेंद्र राणा की ओर से बताया गया कि इस वर्ष की इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए उनके बच्चे को एडमिट कार्ड जैक से नहीं दिया गया, जबकि परीक्षा शुल्क स्कूल में जमा कराया गया था। परीक्षा शुल्क की राशि तकनीकी कारणों से जैक को प्राप्त नहीं हो सकी थी, जिस कारण उनके बच्चे का एडमिट कार्ड नहीं आ पाया था और वह इंटरमीडिएट की परीक्षा नहीं दे पाया।




सुनवाई के दौरान कोर्ट के समक्ष यह बात आयी कि गिरिडीह जिला स्कूल के इंटरमीडिएट की परीक्षा देने वाले 52 छात्रों के साथ ऐसा ही हुआ है। तकनीकी कारणों से स्कूल से उनका परीक्षा शुल्क जैक को प्राप्त नहीं हो सका था, जिससे जैक ने उनका एडमिट कार्ड नहीं भेजा था। इस कारण वे इंटरमीडिएट की परीक्षा से वंचित रह गये। इसके बाद कोर्ट ने सभी 52 छात्रों को कंपार्टमेंटल परीक्षा में शामिल करने का निर्देश जैक को दिया।

## एनआइबीएम में नया बैच 3 और 5 मई से

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बैंकिंग, एसएससी, रेलवे, जेएसएससी में हर साल लाखों वैकेंसी आती है। विद्यार्थी कॉलेज के साथ पिछले 26 वर्षों से श्री साईं टावर चौथी मंजिल सरकुलर रोड स्थित एनआइबीएम में लेटेस्ट पैटर्न पर तैयारी कर रहे हैं। 2023 तक का अपडेटेड स्टडी मैटेरियल, पुस्तक फ्री लाइब्रेरी, रीडिंग रूम के साथ युवा तैयारी कर सफल हो रहे हैं। विद्यार्थी सुबह सात बजे से लेकर शाम छह बजे तक पढ़ते हैं। डाउट को फैकल्टी से तुरंत क्लियर करते हैं। निदेशक खुद क्लास लेते हैं। नया बैच 3 और 5 मई से हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यम में प्रारंभ किया जायेगा। इच्छुक विद्यार्थी कार्यालय वेबसाइट, यूट्यूब या 9334726278, 75420 22226 पर संपर्क स्थापित कर सकते हैं।




### शाहजहां शेख के करीबी के बंद घर में इकट्ठा कर रखा गया था

## संदेशखाली में सीबीआइ-एनएसजी कमांडो का संयुक्त अभियान, भारी संख्या में हथियार और बम बरामद

> सीआरपीएफ ने भी चलाया तलाशी अभियान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** सीबीआइ ने इडी की टीम पर हुए हमले की जांच के सिलसिले में शुक्रवार को बंगाल के संदेशखाली में तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख के करीबी के ठिकाने पर अपनी तलाशी के दौरान भारी संख्या में हथियार और बम जब्त किये। घटनास्थल पर राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के कमांडो व सीआरपीएफ के जवानों ने भी तलाशी अभियान चलाया।

सीबीआइ को अपनी जांच के दौरान संदेशखाली में हथियारों का बड़ा जखीरा छिपा होने की जानकारी मिली थी। इन हथियारों को संदेशखाली के सरबेरिया के मल्लिकपुर में शाहजहां के करीबी हफीजुल खान के दामाद अबू तालेब मोल्ला के एक बंद घर में इकट्ठा करके रखा गया था। तलाशी के दौरान कई विदेशी पिस्तौल सहित बड़ी संख्या में हथियार और बम बरामद किये गये। सूत्रों के मुताबिक तालेब के घर से 128 राउंड गोलियां, पांच अत्याधुनिक विदेशी आग्नेयास्त्र, कई देशी बंदूकें, बम बनाने के मसाले समेत कई बम बरामद किये गये हैं।



बाद में एनएसजी के कमांडो ने भी बंद घर व उसके आसपास इजरायली रोबोट की सहायता से तलाशी अभियान चलाया। एनएसजी के बम निरोधक और खोजी दस्ते ने विस्फोटकों को सुरक्षित तरीके से इकट्ठा करने के बाद उसे सुनसान स्थान पर ले जाकर निष्क्रिय कर दिया। बता दें कि इससे पहले एनएसजी ने पूर्व बर्द्धमान के खागरागढ़ में भारी मात्रा में बरामद आइइडी को निष्क्रिय किया था।

गौरतलब है कि इडी टीम पर पांच जनवरी को संदेशखाली में उस वक्त हमला हुआ था जब वह राशन घोटाले के सिलसिले में शाहजहां के परिसर में छापेमारी करने गयी थी। इस घटना में इडी के तीन अधिकारी गंभीर रूप से जख्मी हो गये थे। कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश पर सीबीआइ ने इस मामले में एफआइआर दर्ज की थी। इस मामले का मुख्य आरोपित शाहजहां हिरासत में है। शाहजहां को बंगाल पुलिस ने हमले के सिलसिले में 29 फरवरी को गिरफ्तार किया था।

### छवि रंजन की याचिका पर जवाब के लिए इडी को एक हफ्ते का समय

**रांची।** हाइकोर्ट में सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद-बिक्री मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की क्रिमिनल रिट की सुनवाई शुक्रवार को हुई। छवि रंजन की ओर से सेना के कब्जे वाली जमीन से संबंधित इडी के अनुसंधान के क्रम में आये वैसे दस्तावेज की मांग की गयी है, जिसे इडी ने कोर्ट में प्रस्तुत नहीं किया है। इन दस्तावेजों को इडी ने कोर्ट के रिकॉर्ड में नहीं लाया है। कोर्ट ने इडी को जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया। सेना के कब्जे वाली जमीन मामले में इडी ने छवि रंजन एवं अन्य के खिलाफ इसीआइआर 1-2023 दर्ज किया है। इसमें छवि रंजन, अमित कुमार अग्रवाल सहित 10 आरोपितों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है।

## डीएसपीएमयू में कुलपति ने दो पुस्तकों का किया विमोचन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पर्यावरण अध्ययन विभाग की संकाय सदस्य अमृता लाल की लिखित दो पुस्तकों का प्रशासनिक भवन के सम्मेलन कक्ष में कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने विमोचन किया। ये पुस्तकें ब्यूटिया मोनोस्पर्मा, द फ्लेम ऑफ फॉरेस्ट और एनवायरनमेंटल साइंस प्रैक्टिकल के नाम से शीर्षांकित है। कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि दोनों पुस्तकें विद्यार्थियों को केंद्र बिंदु में रखने के साथ नयी शिक्षा नीति को ध्यानगत रखकर लिखी गयी है। अमृता लाल ने कहा कि विद्यार्थी के तौर पर अध्ययन और अध्यापन के उपरांत यहां से ही अपनी दो पुस्तकों का प्रकाशन गौरवान्वित करने वाला पल है। नमिता सिंह, नमिता लाल, प्रो राजेश कुमार सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 38.0 °c | 22.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.14 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.18 बजे |



# आठ लाख के गांजा के साथ दो महिला समेत चार गिरफ्तार

**रांची पुलिस को सफलता**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी की लोअर बाजार थाना पुलिस ने कांटाटोली स्थित खादगढ़ा बस स्टैंड से दो महिलाओं सहित चार तस्करों को 43.60 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद गांजा की कीमत आठ लाख 60 हजार रुपये आंकी गयी है। गिरफ्तार तस्करों में उत्तरप्रदेश निवासी सुमित कुमार, पश्चिम बंगाल निवासी दीप राई, उत्तरप्रदेश निवासी अंजना सिंघल और दिल्ली निवासी सुषमा शामिल हैं। इनके पास से 43.60 किलो गांजा, चार मोबाइल, तीन आधार कार्ड, 1500 नकदी और धुर्वा से बनारस जाने का बस टिकट बरामद किया गया है।



सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शुक्रवार को बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जांच अभियान के दौरान बस स्टैंड परिसर खादगढ़ा से दो युवकों और दो महिलाओं को गांजा की अवैध तस्करी कर ओड़िशा से बनारस ले जाने के दौरान पकड़ा गया। सूचना के आधार पर सिटी डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा यह कार्रवाई की गयी है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तस्करों का आपराधिक इतिहास पता लगाया जा रहा है।

## शराब टेंडर मामले में सुप्रीम कोर्ट में अगले सप्ताह सुनवाई

रांची(आजाद सिपाही)। सुप्रीम कोर्ट में झारखंड में थोक शराब के लिए जारी टेंडर में गड़बड़ी की जांच को लेकर दाखिल जनहित याचिका के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई हुई। शुक्रवार को हुई आंशिक सुनवाई के बाद कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए अगले सप्ताह की तारीख मुकर्रर की है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सुधांशु धुलिया की खंडपीठ में यह मामला सूचीबद्ध था। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता प्रज्ञा सिंह बघेल ने शीर्ष अदालत में पक्ष रखा। दरअसल, राज्य सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल कर कहा गया है कि थोक शराब के लिए जारी टेंडर से जुड़ी जनहित याचिका सुनवाई योग्य नहीं है।

# प्रोजेक्ट इंपैक्ट के राज्यस्तरीय अनुश्रवण का दिख रहा इंपैक्ट

**कार्रवाई नहीं, संवेदनशीलता बढ़ाना उद्देश्य: निदेशक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में राज्यस्तरीय अनुश्रवण दल के पदाधिकारियों के स्कूलों में लगातार औचक निरीक्षण का सकारात्मक प्रभाव दिखने लगा है। शिक्षक समय से स्कूल आ रहे हैं। कक्षा का संचालन कर रहे हैं। राज्य शिक्षा परियोजना ने एक माह में कई स्कूलों के प्राचार्यों, शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई की है। बच्चे प्रयोगशालाओं और लाइब्रेरी का लाभ ले रहे हैं। स्कूलों में बंद स्मार्ट क्लास भी शुरू कर दिये गये हैं।

**टोला टैगिंग फिर हुई शुरू:** स्कूलों में ड्रॉप आउट रोकने के लिए और नामांकन बढ़ाने के उद्देश्य से शिक्षकों को विद्यालय के पोषक क्षेत्रों में भ्रमण कर अभिभावकों से संवाद करना होता है। इसे टोला टैगिंग कहा जाता है। समय-समय पर इस प्रक्रिया को किया जाना अनिवार्य है, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित ना रहे। स्कूलों को खाली पड़े दीवारों में ज्ञानवर्धक संदेश, चित्रकला से वॉल पेंटिंग करायी जा रही है। राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने कहा कि विभाग का उद्देश्य किसी के विरुद्ध कार्रवाई करना या शिक्षकों में भय पैदा करना नहीं है। अनुश्रवण का उद्देश्य ऐसे प्रयासों को बढ़ावा देना है, जो राज्य कि शिक्षा व्यवस्था में बदलाव ला सके।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा. धन प्राप्ति के प्रयासों में सफलता मिलेगी।
- **वृष** — पढ़ाई-लिखाई और चिंतन-मनन में रूचि बढ़ेगी, लाभकारी प्रयास सफल होगा।
- **मिथुन** — रोजगार की दिशा में कार्यों की अधिकता रहेगी, आर्थिक प्रयोजन सिद्ध होंगे।
- **कर्क** — अध्ययन, अध्यवसाय,भाषण-प्रवचन के कार्य में रूचि बढ़ेगी, व्यापार में सफलता।
- **सिंह** — आमदनी होने पर भी वक्त की कमी दिखायी देगी. रूकावट दूर होकर सफलता की ओर अग्रसर होंगे।
- **कन्या** — सरकारी उच्चाधिकारियों पर आपकी प्रभाव शक्ति बढ़ेगी, नयी आशाओं का उदय होगा।
- **तुला** — परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे. आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे।
- **वृश्चिक** — बुद्धि-कौशल से हर जगह प्रशंसा प्राप्त करेंगे, चिंतित मनोरथ की सिद्धि होगी।
- **धनु** — शुभ-समाचार की प्राप्ति, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।
- **मकर** — रहन-सहन, भोजन-शयन तथा निवास स्थान का उत्तम सुख मिलेगा।
- **कुंभ** — स्वाभिमान और स्वावलंबन बढ़ेगा, आमदनी में वृद्धि होगी, नया परिचय का क्षेत्र बढ़ेगा।
- **मीन** — अपने काम के प्रति ही समर्पित रहें, कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

# जेइइ में शारदा ग्लोबल के तीन छात्रों को सफलता





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शारदा ग्लोबल स्कूल के अभ्यांशु जयसवाल, श्रेयांश देव ने जेइइ एडवांस के लिए क्वालिफाइ किया है। यहां के तीन छात्रों ने सफलता पायी है। डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरूप, प्राचार्या जसमीत कौर और शिक्षकों ने सफलता पर हर्ष जताया है। छात्रों की इस उपलब्धि के पीछे कठिन परिश्रम, समय प्रबंधन और उचित मार्गदर्शन को श्रेय दिया। विद्यालय के छात्र आनेवाली स्पर्द्धाओं में इसी प्रकार की सफलता से विद्यालय को आगे भी गौरवान्वित करते रहे। अभ्यांशु जयसवाल को 96.61 और श्रेयांश देव को 86.31 परसेंटाइल प्राप्त हुआ है।

# रामनवमी जुलूस देखने निकला युवक नहीं लौटा घर

**प्रेम-प्रसंग की चर्चा, एक लड़की से पूछताछ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के रातू रोड इलाके के इंद्रपुरी रोड नंबर 12 में रहने वाला 24 साल का रोहित शर्मा बीते 17 अप्रैल से लापता है। वह घर में रामनवमी जुलूस देखने जाने की बात कह कर निकला था। इसके बाद से अब तक घर नहीं लौटा है। उसी दिन से उसका मोबाइल भी लगातार स्विच ऑफ आ रहा है। परिजन परेशान हैं और उसकी खोजबीन के लिए प्रयास कर रहे हैं। थाना में भी बीते 19 अप्रैल को एक गुमशुदगी का सनहा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। रोहित अपने 70 वर्षीय नाना शहदेव शर्मा के घर रह कर पढ़ाई कर रहा था। शहदेव शर्मा ने बताया कि रोहित उसका एकमात्र सहारा है। वैसे, रोहित के लापता होने में प्रेम प्रसंग का मामला भी सामने आ रहा है। रोहित के नाना-नानी के बयान के आधार पर पुलिस ने रोहित के संपर्क में रहनेवाली एक लड़की से भी पूछताछ की है।

# अवैध संबंध में पत्नी बन रही थी रोड़ा

**सिलेंडर से मार कर की हत्या, दोषी करार, सजा 30 को**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अपर न्यायायुक्त एमसी झा की कोर्ट ने शुक्रवार को प्रेम प्रसंग में रुकावट बन रही पत्नी की हत्या करने के आरोपित पति ललित सिंह पूर्ति को दोषी ठहराया है। कोर्ट आरोपित ललित की सजा के बिंदु पर 30 अप्रैल को सुनवाई करेगी। हत्या की यह घटना गोंदा थाना क्षेत्र की है। पति का किसी महिला के साथ प्रेम प्रसंग था। इसको लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। 7 मार्च 2019 को दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि पति ने पत्नी के सिर पर गैस सिलेंडर से मार कर उसकी हत्या कर दी। मामले को लेकर गोंदा थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। गिरफ्तारी के बाद से आरोपित जेल में बंद है। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने सात गवाह पेश किये, जबकि बचाव पक्ष की ओर से दो गवाह पेश किये गये।

## दंगा का फरार आरोपी गिरफ्तार

रांची (आजाद सिपाही)। रांची के कोतवाली थाना ने रांची दंगे के फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को पुलिस ने उस वक्त गिरफ्तार किया, जब वह एसएन गांगुली रोड में छिनतई के लिए रेकी कर रहा था। गिरफ्तार आरोपी मो सद्दाम उर्फ कोरेंट पगला निजामनगर स्थित छोटा तालाब के पास का रहनेवाला है। पुलिस के अनुसार सूचना पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम एसएन गांगुली रोड पहुंची, तो आरोपी पुलिस को देख भागने लगा। हालांकि पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। आरोपी मो सदाम का स्वीकारोक्ति बयान लिया गया, जिसमें घटना को अंजाम देने की बात बतायी।


# अधिवक्ता प्रलय सिन्हा की स्मृति में लेक्चर सीरीज

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** हाइकोर्ट के वरीय अधिवक्ता प्रलय सिन्हा की स्मृति में लेक्चर सीरीज की शुरुआत की गयी। महाधिवक्ता राजीव रंजन ने हाइकोर्ट के अधिवक्ताओं और सरकारी अधिवक्ताओं की मौजूदगी में इसकी शुरुआत की। लेक्चर सीरीज में हर दूसरे सप्ताह कानूनी विषयों पर चर्चा की जायेगी। पहली चर्चा में अधिवक्ता जीतेंद्र सिंह ने वकीलों के साथ खनिज कानूनों के संबंध में जब्ती की कार्यवाही विषय पर मंथन किया।

## टीबीजेड द ओरिजनल में सस्ते दर पर सोना



रांची(आजाद सिपाही)। लगन के मौके पर बाजारों में भीड़ देखने को मिल रही है। खासकर ज्वेलरी की दुकानों पर ग्राहकों को लुभावने ऑफर दिये जा रहे हैं। इस संदर्भ में चर्च कांप्लेक्स स्थित टीबीजेड द ओरिजनल के स्टोर मैनेजर निधि शरण ने बताया कि रांची शहर में सबसे सस्ते दर पर सोना स्टोर में उपलब्ध है। हीरे और सोने की आभूषण की बनायी पर 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। अभी से लोग अक्षय तृतीया के लिए आभूषणों की बुकिंग करा रहे हैं। सोने की बढ़ती दर को देखते हुए अब जल्द स्टोर में 18 कैरेट में भी सोने के आभूषण उपलब्ध होंगे।

## यूजी 1 में परीक्षा फार्म भरने की तिथि कल तक

रांची(आजाद सिपाही)। रांची विश्वविद्यालय यूजी सेमेस्टर 1 परीक्षा फार्म भरने की तिथि 28 अप्रैल तक बढ़ा दी गयी है। पहले फार्म भरने की अंतिम तिथि 24 अप्रैल थी, जिसे छात्रों की सुविधा के लिए रांची विश्वविद्यालय ने बढ़ा कर 26 अप्रैल 2024 कर दिया था। 26 अप्रैल को बहुत सारे छात्रों ने रांची विश्वविद्यालय पहुंच कर कुलपति प्रो अजीत कुमार सिन्हा से आग्रह किया। कुलपति ने परीक्षा फार्म भरने की तिथि दो दिन बढ़ा दी। 28 अप्रैल शाम पांच बजे तक आनलाइन फार्म भरा जा सकेगा।

# जयकारे और नगाड़े की थाप के साथ नगर कीर्तन

**सुबोधकांत सहाय-यशस्विनी सहाय ने की शिरकत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** वाहो वाहो गोविंद सिंह के जयकारे और नगाड़े की थाप के साथ कृष्णा नगर कॉलोनी में भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन गुरुद्वारा साहिब के दर्शन दिउड़ी गेट से आरंभ होकर कृष्णा नगर कॉलोनी, समेत अन्य सड़कों से होते हुए अरदास के साथ विसर्जित हो गया। नगर कीर्तन का जगह-जगह स्वागत किया गया। श्री शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति के स्वागत शिविर में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय और रांची लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने शामिल होकर मत्था टेका। मौके पर राजू काठपाल, दिलीप गुप्ता, दीपक नंदा, राजकुमार तलेजा, जीतू अरोड़ा, नरेश मक्कड़, गुलशन मिढ़ा, हरविंदर सिंह बेदी, लेखराज अरोड़ा, हरगोविंद सिंह, अमरजीत गिरिधर, अशोक गेरा, चरणजीत मुंजाल, राजकुमार सुखीजा, सुरेश मिढ़ा समेत अन्य उपस्थित थे।

# धर्मेंद्र तिवारी भाजमो से रांची लोकसभा के प्रत्याशी होंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के संसदीय चुनाव समिति की बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी को रांची लोकसभा का प्रत्याशी बनाया गया है। श्री तिवारी ने संसदीय चुनाव समिति और विधायक सरयू राय का आभार जताते हुए कहा कि वर्तमान भाजपा सांसद ने पिछले पांच सालों में ऐसा एक भी काम नहीं किया है, जिसके लिए रांची की जनता दोबारा चुने। मुद्दों को संसद में ठीक तरह से उठाया तक नहीं। केवल नमो मंत्र ही जपते हैं। इधर, कांग्रेस ने भी वंशवाद परंपरा को आगे बढ़ाते हुए ऐसा प्रत्याशी दिया है, जिसको न तो यहां के लोग जानते हैं और ना ही उन्हें सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों की समझ है। बैठक में पार्टी उपाध्यक्ष पीएन सिंह, महासचिव आशीष शीतल मुंडा, सचिव सोमेन दत्ता, महासचिव निशि पांडेय सहित अन्य उपस्थित थे।

## शिक्षण संस्थानों में 1 मई से हो गर्मी छुट्टी

भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि झारखंड के 14 जिलों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। इन जिलों में लोग भीषण गर्मी से त्रस्त हैं। पेयजल की समस्या से लोग जूझ रहे हैं। बोरवेल फेल हो गये हैं। गर्मी को देखते हुए राज्य के सभी सरकारी, निजी विद्यालयों और अन्य शिक्षण संस्थानों में 1 मई से एक माह तक की गर्मी छुट्टी घोषित की जाये। साथ ही टैंकर से पानी की आपूर्ति की जाये।

## शपथ पत्र

नोटरी पब्लिक, लोहरदगा

शपथ पत्र के अनुसार संख्या- 5734, दिनांक- 23.04.2024 मै मंजरी निम्मी धान पति जॉन होरो निवासी ग्राम उगरा टंगरा टोली, पोस्ट कोराम्बे, थाना सेन्हा जिला लोहरदगा शपथ पूर्वक निम्लिखित ब्यान देती हुँ की : - यह की मै उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हुँ, यह की मंजरी निम्मी धान एवं मंजरी निम्मी होरो मेरा नाम है तथा मै उक्त दोनों नामों से जानी जाती हुँ, दोनों नाम मेरा ही है यह की उपरोक्त बातें सत्य और सही है। यह शपथ पत्र दिनांक 23 अप्रैल 2023 को लोहरदगा जिला मे संपन्न किया गया। यह की यह नोटरी पब्लिक लोहरदगा के शपथ पत्र संख्या निरंजन मिंज नोटरी पब्लिक के क्रम संख्या 5734 दिनांक 23.04.2024 द्वारा सम्पादित किया गया है।

# कौन बनेगा करोड़पति के नये सीजन का आगाज जल्द




रांची (आजाद सिपाही)। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का कौन बनेगा करोड़पति एक ऐसा रियलिटी शो है, जिसे हर उम्र के दर्शक बड़े ही चाव से देखते हैं। कौन बनेगा करोड़पति के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। शो की लोकप्रियता ऐसी है कि मेकर्स अब केबीसी के नवीनतम सीजन 16 के माध्यम से बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों का भरपूर मनोरंजन करने फिर से लौट रहे हैं।

# जल ही जीवन है, इसे बर्बाद नहीं करें...

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भीषण जल संकट से बचने के लिए राज्य सरकार गंभीर है। नगर विकास विभाग ने रांची नगर निगम को जन जागरूकता अभियान चला कर वर्षा जल संचयन और संरक्षण कराने का निर्देश दिया है। अभी जो रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए नियम बना है, उसके अनुसार 3000 स्क्वायर फीट से अधिक वाले आवासों के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग आवश्यक है। इस नियम के कारण लगभग 60 हजार आवास रेन वाटर हार्वेस्टिंग नहीं कराये हैं, जबकि ये सभी आवास पानी का उपयोग करते हैं। नियम के तहत रेन वाटर हार्वेस्टिंग की सीमा में आने वाले 79,772 आवास हैं। इसमें 52,668 आवासों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगा है। इसके लिए रांची नगर निगम जल्द ही सर्वे करा कर इन आवासों को सिस्टम लगवाने का प्रयास करेगा। रांची नगर निगम रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए फिलहाल प्रचार-प्रसार अभियान चला रहा है। इसके लिए लोगों को सूचना देने, शिक्षित करने और संचार की गतिविधियां भी चला रहा है। लगभग 15000 पंपलेट का वितरण कराने के साथ शहर के 30 स्थलों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग से संबंधित होर्डिंग भी लगाये जायेंगे।

## झारखंड कांग्रेस के 41 स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी, राहुल, सोनिया और प्रियंका के अलावा प्रदेश के नेता भी शामिल



रांची (आजाद सिपाही)। नेशनल कांग्रेस ने झारखंड के स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की है। राज्य में चार चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। जिसको देखते हुए पार्टी ने 41 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रदेश महासचिव अमुल्य नीरज खलखो बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की गयी है। इसमें मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, केसी वेणुगोपाल, गुलाम अहमद मीर, राजेश ठाकुर, भुपेश बघेल, सुखविंदर सिंह सुक्खू, ए रेवंत रेड्डी, सलमान खुर्शीद, जयराम रमेश, तारिक अनवर, डॉ. अजय कुमार, सुबोधकांत सहाय, राना केपी सिंह, आलमगीर आलम, डॉ. रामेश्वर उरांव, बादल पत्रलेख, बन्ना गुप्ता, इमरान प्रतापगढ़ी, सुप्रिया श्रीनेत, दीपिका पांडे सिंह, फुरकान अंसारी, डॉ. प्रदीप कुमार, बालमुचू, बंधु तिर्की, सहजादा अनवर, जलेश्वर महतो, रवींद्र सिंह, संजय लाल पासवान, जयशंकर पाठक, मानस सिन्हा, गीताश्री उरांव, गुंजन सिंह, अभिजीत राज, मंजूर अंसारी, छविंद्र करमा, रियाजुल अंसारी, नमन बिक्सल कोंगारी, दयामनी बारला को शामिल किया गया है।

# स्वप्नलोक ग्रांड रेशिडेंशियल प्रोजेक्ट का भूमि पूजन संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बिजयश्री एंड सपना कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड का जोड़ा तालाब रानी बगान, रांची स्थित स्वप्न लोक रेसिडेंशियल प्रोजेक्ट का भूमि पूजन शुक्रवार को 10 बजे निदेशक बिजय कुमार और सपना देवी के हाथों सम्पन्न हुआ। इस मौके पर निदेशक बिजय कुमार एवं विकाश कुमार ने बताया कि यह प्रोजेक्ट प्राइम लोकेशन पर है वहीं कई वीआइपी का ऐसे प्रोजेक्ट की डिमांड थी, यह प्रोजेक्ट 4-5बीएचके का होगा वहीं बी प्लस जी प्लस 14 फ्लोर का 54 फ्लैट का है, वहीं ये 72 डिसमील क्षेत्र का होगा जिसे वर्ष 2026 तक में पूरा कर लिया जायेगा। आगे बताया गया कि इस प्रोजेक्ट में जहां अपनी टैरिस पर स्वीमिंग पूल होगा वहीं जिम, टैरिस और पार्किंग जैसे कई अन्य लग्जरी सुविधाएं भी उपप्लब्ध होंगी,जो यहां के सोसाइटी को काफी भा रही है। इस मौके पर बैंक ऑफ इंडिया के जोनल मैनेजर संजीव कुमार सिंह, जीएम मनोज कुमार, इंडियन बैंक के प्रबंधक, बिल्डर हरीश श्रीवास्तव, पवन आर्या, सीए रोहित कुमार, सपत्नी अशोक कुमार अग्रवाल, मिथिलेश कुमार सिंह उपस्थित थे।

## अधिसूचना

**सं.: सी/आरएनसी/ई-ऑक्शन/2023** **दिनांक: 25.04.2024**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा रांची मंडल में ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। कैटलॉग को वेबसाइट आईआरईपीएस पर पहले ही प्रकाशित किया जा चुका है। **क्रम.सं., श्रेणी, कैटलॉग सं., परिसंपत्ति विवरण, नीलामी प्रारंभ, नीलामी बंद होने की तारीख** इस प्रकार है: **(1) कैटरिंग,** आरएनसीसीटीजी21, रांची मंडल में जीएमयू एवं एसएमयू श्रेणियों के तहत 49 अदद कैटरिंग इकाइयों के लिए ई-नीलामी, दिनांक 02.05.2024 को सुबह 11.00 बजे, दिनांक 03.05.2024 को सुबह 11.50 बजे। **(2) एमपीएस,** आरएनसीएमपीएस11, रांची मंडल में 08 अदद एमपीएस इकाइयों के लिए ई-नीलामी, दिनांक 29.04.2024 को सुबह 11.30 बजे, दिनांक 29.04.2024 को अपराह्न 01.10 बजे। **(3) एवीएम,** आरएनसीएवीएम14, रांची मंडल में एवीएम-2, डब्लूवीएम-10 के लिए ई-नीलामी, 03.05.2024 को सुबह 11.00 बजे, 03.05.2024 को अपराह्न 01.20 बजे। **(4) एटीएम,** आरएनसीएटीएम24, रांची डिवीजन में एटीएम के लिए 06 अदद परिसंपत्तियों की ई-नीलामी, दिनांक 29.04.2024 को सुबह 11.00 बजे, 29.04.2024 को अपराह्न 12.20 बजे। **(5) मिस्लै. स्टैटिक्स (चिकित्सा सुविधा),** आरएनसीएमएफसी6, रांची स्टेशन पर चिकित्सा सुविधा के लिए ई-नीलामी, दिनांक 02.05.2024 को सुबह 11.00 बजे, दिनांक 02.05.2024 को सुबह 11.30 बजे। **(6) विविध स्टैटिक्स (सैलून),** आरएनसीएसैलून4, रांची मंडल के रांची स्टेशन पर सैलून के संचालन के लिए ई-नीलामी, 29.04.2024 को सुबह 11.00 बजे, 29.04.2024 को सुबह 11.30 बजे। **(7) मिस्लै. स्टैटिक्स (बैटरी चालित कार्ट),** आरएनसीबीबीओसी1, रांची मंडल के रांची स्टेशन पर बैटरी चालित कार्ट के संचालन के लिए ई-नीलामी, दिनांक 30.04.2024 को सुबह 11.00 बजे, दिनांक 30.04.2024 को सुबह 11.40 बजे। **(8) पार्किंग,** आरएनसीपार्किंग24, टांगरबांसुली, सइसा, झालिदा, लोहरदगा, पिस्का और इटकी में पार्किंग के संचालन एवं प्रबंधन के लिए ई-नीलामी, 02.05.2024 को दोपहर 12.00 बजे, 02.05.2024 को अपराह्न 01.20 बजे। **(9) मिस्लै. स्टैटिक्स (बाइक एंड पार्सल रैपिंग कियोस्क),** आरएनसीबीपीके01, रांची में 01 एवं हटिया स्टेशनों पर 01 दोपहिया एवं अन्य पार्सल रैपिंग सेवा कियोस्क की स्थापना और निर्माण, दिनांक 13.05.2024 को सुबह 11.00 बजे, दिनांक 13.05.2024 को सुबह 11.30 बजे। **ध्यान दें:** संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे रांची मंडल की ई-नीलामी की अपडेट प्राप्त करने के लिए आईआरईपीएस वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल पर जाएं।

(PR-83) वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/रांची

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

## शपथ पत्र



शपथ पत्र संख्या 1278, दिनांक 15.04.2024 के अनुसार, मै बद्री नारायण प्रसाद उम्र 47 वर्ष, पिता -दिनेश प्रसाद ग्राम-बभंडीह, पोस्ट नावाडीह, थाना-रामगढ़, जिला-पलामू, राज्य-झारखंड निम्नलिखित शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं कि यह कि उपरोक्त पता का स्थाई निवासी हूं यह कि अंशु रानी कुमारी मेरी नाबालिग पुत्री है यह कि मेरी पुत्री का नाम अंशु रानी कुमारी एवं शिखा कुमारी हैं एवं मेरी पुत्री दोनों नाम से जानी पहचानी जाती है। यह की मेरी पुत्री शिखा कुमारी का आधार नं.- 554295664137 है जिसमे जन्मतिथि 12.01.2009 ई. दर्ज है। जबकि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड मैट्रिक के सर्टिफिकेट में मेरी पुत्री का नाम अंशु रानी कुमारी और जन्मतिथि 28.09.2008 ई. है, जो की सही है। यह की मेरी पुत्री शिखा कुमारी के आधार कार्ड में शिखा कुमारी के जगह पर अंशु रानी कुमारी और जन्मतिथि 12.01.2009 ई. के जगह पर 28.09.2008 ई. दर्ज करवाना चाहता हूं।

# निजी संपत्ति का पुनर्वितरण

दिलचस्प संयोग है कि जब देश में निजी संपत्ति के कथित पुनर्वितरण को लेकर चुनावी माहौल गरमाया हुआ है, तभी सुप्रीम कोर्ट की एक संविधान पीठ इस सवाल पर विचार कर रही है कि क्या राज्य निजी स्वामित्व वाली संपत्ति को संविधान के अनुच्छेद 39बी के तहत 'समुदाय की संपत्ति' मानते हुए नियंत्रित करने का अधिकार रखता है। स्वाभाविक ही इस सवाल में निजी संपत्ति के पुनर्वितरण का पहलू भी शामिल है। यूं तो यह मामला सुप्रीम कोर्ट के सामने पहले भी उठता रहा है, लेकिन इससे जुड़े कुछ अहम पहलू पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाये हैं। इससे जुड़े सबसे चर्चित मामले (कर्नाटक राज्य बनाम श्री रंगनाथ रेड्डी) में 1977 में सुप्रीम कोर्ट ने 4:3 के बहुमत से फैसला दिया था कि निजी स्वामित्व वाली संपत्ति को समुदाय की संपत्ति नहीं माना जा सकता। लेकिन आगे चल कर इसी मामले में जस्टिस वी ार कृष्ण अय्यर की अल्पमत राय ज्यादा अहम मानी गयी, जिसके मुताबिक चूंकि व्यक्ति समुदाय का सदस्य होता है, इसलिए उसकी संपत्ति समुदाय की संपत्ति के दायरे में आती है। सुप्रीम कोर्ट के सामने आया ताजा मामला महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डिवेलपमेंट एक्ट (म्हाडा) में 1986 में हुए एक संशोधन से जुड़ा है। यह संशोधन राज्य सरकार को जीर्ण-शीर्ण इमारतों और उसकी जमीन को अधिग्रहित करने का अधिकार देता है, बशर्ते उसके 70% मालिक ऐसा अनुरोध करें। इस संशोधन को प्रॉपर्टी ऑनर्स एसोसिएशन की ओर से अदालत में चुनौती दी गयी है। असल में नीति निर्देशक सिद्धांतों के तहत आने वाले अनुच्छेद 39बी के संबंधित प्रावधानों को अलग-अलग नजरिए से देखा जाता रहा है। जस्टिस अय्यर के बहुचर्चित अल्पमत फैसले में इस मामले को समाजवादी नजरिए से देखा गया। इसे पूंजीवादी नजरिए से भी देखा जा सकता है, जिसके मुताबिक निजी संपत्ति में राज्य के किसी तरह के दखल से परहेज किया जाता है, लेकिन बुधवार को इस मामले की सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने स्पष्ट कर दिया कि दोनों में से कोई भी नजरिया इस मामले में संपूर्ण नहीं माना जा सकता। जस्टिस चंद्रचूड़ के मुताबिक भारत के संदर्भ में संपत्ति को देखने का महात्मा गांधी का दृष्टिकोण सबसे प्रासंगिक है, जिसमें ट्रस्ट की अवधारणा है। इस अवधारणा में न केवल निजी संपत्ति की और उसे परिवार के सदस्यों को हस्तांतरित करने की गुंजाइश है, बल्कि समुदाय के सर्वोच्च हितों के अनुरूप उसके सर्वश्रेष्ठ इस्तेमाल की संभावना भी है। देखना होगा कि सुप्रीम कोर्ट में चल रही सुनवाई आखिरकार किस निष्कर्ष पर पहुंचती है। लेकिन कोर्ट में चल रही बहस के मौजूदा स्वरूप को देखते हुए यह उम्मीद की जानी चाहिए कि जहां यह फैसला इस मसले से जुड़ी तमाम अस्पष्टताएं दूर करेगा, वहीं संपत्ति पर नयी भारतीय और संवैधानिक दृष्टि विकसित करने में भी मददगार होगा।

**जस्टिस चंद्रचूड़ के मुताबिक भारत के संदर्भ में संपत्ति को देखने का महात्मा गांधी का दृष्टिकोण सबसे प्रासंगिक है, जिसमें ट्रस्ट की अवधारणा है। इस अवधारणा में न केवल निजी संपत्ति की और उसे परिवार के सदस्यों को हस्तांतरित करने की गुंजाइश है, बल्कि समुदाय के सर्वोच्च हितों के अनुरूप उसके सर्वश्रेष्ठ इस्तेमाल की संभावना भी है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**नेस्ले के बारे में इस खुलासे से ठीक पहले, सुर्खियां यह थीं कि भारत सरकार ने ई-कॉमर्स साइटों और प्लेटफार्मों से बॉर्नविटा सहित किसी भी पेय और पेय पदार्थ को स्वास्थ्य पेय के रूप में वर्गीकृत करना बंद करने के लिए कहा था। इसके बाद राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने सरकार को सूचित किया कि भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआइ) ने वास्तव में ऐसी श्रेणी के लिए कोई मानक निर्धारित नहीं किया है, इससे भी बुरी बात यह है कि इस तरह वर्गीकृत अधिकांश पेय पदार्थों में चीनी की मात्रा अधिक पायी गयी है।**

# बेहिसाब चीनी खा रहे बच्चे, कोई नहीं देख रहा

**रेमा नागराजन**



सेरेलैक और बॉर्नविटा विवादों से एक आम बात यह है कि बच्चों को दिये जाने वाले उत्पादों के विज्ञापनों की बिल्कुल भी सख्ती से निगरानी नहीं की जा रही है। भारतीय खाद्य संरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआइ) कड़ी रोकथाम में विफल हो रहा है। नेस्ले द्वारा गरीब देशों में बेचे जाने वाले शिशु दूध के फॉमूर्ले में चीनी मिलाना, लेकिन यूरोप और ब्रिटेन में बेचे जाने वाले दूध में नहीं मिलाना, वास्तव में क्या दर्शाता है? सरकारों द्वारा सक्रिय विनियमन के अभाव में निगम सार्वजनिक स्वास्थ्य की जरा भी परवाह नहीं कर सकते। फिर भी नेस्ले अपने उत्पादों का प्रचार कर रहा है और बच्चों को स्वस्थ जीवन जीने में मदद कर रहा है और यह भी असामान्य बात नहीं है। अधिकांश स्वास्थ्य उत्पाद अपने प्रचार और विज्ञापन अभियानों के हिस्से के रूप में बड़े-बड़े दावे करते हैं।

**बमुश्किल स्वास्थ्य**

नेस्ले के बारे में इस खुलासे से ठीक पहले, सुर्खियां यह थीं कि भारत सरकार ने ई-कॉमर्स साइटों और प्लेटफार्मों से बॉर्नविटा सहित किसी भी पेय और पेय पदार्थ को स्वास्थ्य पेय के रूप में वर्गीकृत करना बंद करने के लिए कहा था। इसके बाद राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने सरकार को सूचित किया कि भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआइ) ने वास्तव में ऐसी श्रेणी के लिए कोई मानक निर्धारित नहीं किया है, इससे भी बुरी बात यह है कि इस तरह वर्गीकृत अधिकांश पेय पदार्थों में चीनी की मात्रा अधिक पायी गयी है। लेकिन सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की लंबे समय से चली आ रही मांग कि पेय निर्माताओं को बच्चों का विज्ञापन देने से रोका जाना चाहिए, लेकिन अभी तक इस पर ध्यान नहीं दिया गया है। यह याचिका मोटापे और मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी गैर-संचारी बीमारियों की बढ़ती घटनाओं के संदर्भ में है। जानकारी के अनुसार उनमें 70 प्रतिशत गलत प्रोटीन था।

**भारतीय कानून के बावजूद मीडिया प्रभावित करने वाले खाद्य पदार्थों के किसी भी प्रचार पर स्पष्ट रूप से प्रतिबंध 2 साल तक के बच्चों के लिए है।**

**पाये गये नमूनों का परीक्षण**

कुछ ब्रांडों, विशेष रूप से भारत स्थित कंपनियों द्वारा निर्मित ब्रांडों में प्रोटीन स्पाइकिंग का संदेह था। साथ ही, प्रतिष्ठित ब्रांडों में फंगल टॉक्सिन्स, कीटनाशक अवशेष, सीसा और आर्सेनिक जैसी भारी धातुएं और संभावित रूप से जहरीले कार्बनिक और अकार्बनिक यौगिक शामिल थे।

**अपारदर्शी एफएसएसएआइ**

बॉर्नविटा विज्ञापनों के खिलाफ शिकायतों के मामले में उपरोक्त सभी उत्पाद एफएसएसएआइ द्वारा विनियमित माने जाते हैं, जबकि एफएसएसएआइ ने कहा कि उसने खाद्य कंपनियों द्वारा किये गये स्वास्थ्य दावों के विभिन्न उदाहरणों पर ध्यान दिया, लेकिन उसने क्या कार्रवाई की, इसके बारे में कोई विवरण नहीं दिया। राज्यवार दर्ज मामलों में एफएसएसएआइ की वार्षिक रिपोर्ट, दोष सिद्धि और वसूले गये जुर्माने की संख्या बताती है, लेकिन उल्लंघन के लिए दोषी ठहरायी गयी संस्थाओं की पहचान या उन उल्लंघनों के विवरण का खुलासा किये बिना। की गयी कार्रवाई का कोई प्रचार न होने से, विनियमों में थोड़ी बाधा होती है, क्योंकि कोई प्रतिष्ठित क्षति नहीं होती है। सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यकत्रा अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों में अतिरिक्त चीनी, सोडियम और अन्य रसायनों की पहचान कर रहे हैं तथाकथित स्वस्थ खाद्य पदार्थों में भारी धातु और कीटनाशक संदूषण को भी कई बार चिह्नित किया गया है।

**बेईमानी से डिजिटल**

जबकि पेय पदार्थ और ऊर्जा पेय को पारंपरिक प्रिंट और टैलीविजन मीडिया के माध्यम से प्रचारित किया जा सकता है, प्रोटीन पाउडर, न्यूट्रास्यूटिकल्स, ऊर्जा बार और स्वास्थ्य पूरक को डिजिटल विज्ञापनों और सोशल मीडिया के माध्यम से और सोशल मीडिया प्रभावशाली लोगों का उपयोग करके भारी प्रचार किया जा रहा है, जो ज्यादातर यह नहीं बताते हैं कि उन्हें भुगतान किया जा रहा है। कंपनियों को उत्पादों को प्लग करना होगा। यहां तक कि शिशु आहार और शिशु का दूध भी फार्मूले को सामाजिक माध्यम से आगे बढ़ाया जा रहा है। भारतीय कानून के बावजूद मीडिया प्रभावित करने वाले खाद्य पदार्थों के किसी भी प्रचार पर स्पष्ट रूप से प्रतिबंध 2 साल तक के बच्चों के लिए है। सरकार की ऐसी कोई शाखा नहीं है जो सक्रिय रूप से ऐसे प्रचार पर नजर रखती हो या भ्रामक विज्ञापनों के खिलाफ कार्रवाई करती हो। उदाहरण के लिए, प्रोटीन पाउडर, विशेष आहार उपयोग के लिए खाद्य पदार्थों (एफएसडीयू) की श्रेणी में आते हैं, जिन्हें चिकित्सा के तहत उपयोग किया जाता है।

**सलाह या आहार संबंधी पर्यवेक्षण**

प्रोटीन पाउडर, स्वास्थ्य पेय, ऊर्जा बार और स्वास्थ्य अनुपूरक की कीमतें विपणन के माध्यम से बढ़ गयी हैं, जिनमें से अधिकांश अनियमित हैं। दरअसल, लगातार विपणन ने इस प्रकार के उत्पादों को आम जनता तक फैला दिया है, जिनका पहले केवल खिलाड़ी या बॉडी बिल्डर ही उपभोग करते थे। यहां तक कि गरीब लोगों को भी इन अल्ट्रा प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों को ऊंची कीमत पर खरीदने के लिए प्रेरित किया जाता है। विज्ञापन के लालच में विज्ञापनदाता दावा करते हैं कि ये उनके और उनके बच्चों के स्वास्थ्य के लिए अच्छे हैं।

**भ्रामक रूप से विज्ञापित**

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 में कहा गया है कि एक विज्ञापन किसी भी उत्पाद या सेवा का परीक्षण भ्रामक है यदि वह ऐसे उत्पाद या सेवा का गलत वर्णन करता है, झूठी गारंटी देता है तो ऐसे में उत्पाद या सेवा की प्रकृति, पदार्थ, मात्रा या गुणवत्ता के बारे में उपभोक्ताओं को गुमराह करने की संभावना होती है या जानबूझकर महत्वपूर्ण जानकारी छुपाई जाती है। इस कानून के तहत उपभोक्ता अधिकारों में वस्तुओं, उत्पादों या सेवाओं की गुणवत्ता, मात्रा, क्षमता, शुद्धता, मानक और कीमत के बारे में सूचित होने का अधिकार शामिल है। हाल ही में सामने आये ज्यादातर मामलों में, कंपनियों ने इस कानून का उल्लंघन किया है।

सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ उन खाद्य/पेय उत्पादों के विज्ञापन पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह करते हैं, जिनमें उच्च (संतृप्त) वसा, नमक या चीनी होती है। उनका तर्क है कि इन सामग्रियों की मात्रा को छिपाया जा रहा है। उत्पादों के स्वास्थ्यवर्धक होने का दावा करना उपभोक्ताओं को गुमराह करने जैसा है। जीवनशैली और खान-पान से जुड़ी बीमारियां बढ़ती जा रही हैं और सरकार और नियामक एजेंसियों को ऐसे मुद्दों पर अधिक सक्रिय होने की आवश्यकता है।

## जमशेदपुर की खबरें

# कपाली में दो खोखा और खाली मैगजीन बरामद, जांच में जुटी पुलिस



**कपाली (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिले के कपाली ओपी पुलिस ने डांगरडीह मखतब कोचिंग सेंटर निवासी मुबारक अंसारी के घर से कुछ दूर में दो खोखा व खाली मैगजीन बरामद किया। पुलिस जांच में संदिग्ध बताया जारहा है। मिली जानकारी के अनुसार अहले सुबह रजा के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। रजा और नाजिश करीबी दोस्त हैं। राकिब हत्या कांड में नाजिश मुख्य आरोपी था। जबकि मुबारक गवाह भी रह चुका हैं। उधर खोखा व मैगजीन मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। वैसे पुलिस इस मामले को संदिग्ध मानकर जांच कर रही है।मुबारक अंसारी ने बताया शुक्रवार को जुम्मे की नमाज के बाद अपने घर के कुछ दूरी पर एक दोस्त के साथ बैठे हुए थे। उस बीच एक काले रंग का हीरो होंडा मोटरसाइकिल आकर रुका जिसमें दो युवक सवार थे। दोनों युवकों ने मुंह को रुमाल से ढक रखा था। उन्होंने बताया मोटरसाइकिल रुकते ही युकको ने दो राउंड फायरिंग किया। दोस्त के साथ वह बाल- बाल बच गया। उन्होंने बताया गोली दीवार पर जा टकराई। हालांकि सूचना मिलने पर कपाली ओपी प्रभारी सोनू कुमार को दीवार पर या गोली चलने की कोई निशान नहीं मिली। न ही आसपास के लोगों ने गोली चलने की पुष्टि की। फिलहाल पुलिस मुबारक अंसारी से पूछताछ कर रहे हैं। उन्होंने बताया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। फिलहाल मामले की तफ्तीश चल रही है।

# झारखंड मजदूर यूनियन का प्रयास लाया रंग, डेढ़ माह बाद मजदूरों को मिला बकाया



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टेल्को टाउन डिविजन मे मेंटेनेंस का काम कराने वाले फ्रंटलाइन के ठेकेदार विकास सिंह के द्वारा 15 मजदूरों का डेढ़ महीना से वेतन रोकने का मामला प्रकास में आया है। मजदूरो को घर-खर्च चलाने में दिक्कत होने पर बीते एक सप्ताह से हड़ताल पर बैठे थे। मजदूरों ने झारखंड मजदूर यूनियन से लिखित शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई। शिकायत मिलने पर झारखंड मजदूर यूनियन के केंद्रीय उपाध्यक्ष राजेश सामंत ने मजदूरों के साथ टेल्को में मुलाकात कर ठेकेदार विकास सिंह से वार्ता कर मजदूरों का बकाया वेतन दिलाया। वही वेतन मिलने पर मजदूरों ने यूनियन के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर झारखंड मजदूर यूनियन केंद्रीय उपाध्यक्ष राजेश सामंत के साथ जेबीकेएसएस के राजा कालिंदी,मुखिया शिवलाल लोहरा, झारखंड आंदोलनकारी नेता छोटे सरदार सहित अन्य मौजूद रहे।

# मतदान के दिन मतदाताओं को मिलेगा सवैतनिक अवकाश : अनन्य मित्तल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** भारत चुनाव आयोग से प्राप्त निर्देश पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने लोकसभा चुनाव के दिन प्रत्येक मतदाताओ की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सवैतनिक अवकाश की घोषणा कर दी।शुक्रवार को जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने कहा पूर्वी सिंहभूम में 25 मई को लोक सभा के लिए मतदान होना है। मतदान के दिन कर्मचारियों को सवैतनिक अवकाश मिलेगा।

**सरकारी हों या प्राइवेट कर्मचारी को मतदान के लिए मिलेगा अवकाश,नहीं कटेगी सैलरी :- अनन्य मित्तल**




जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने बताया लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 (ख) के आलोक में निदेशित किया गया प्रत्येक व्यक्ति जो किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम, मॉल व किसी अन्य स्थापना में नियोजित है वह लोक सभा व विधान सभा चुनाव में मतदान करने के हकदार है। सभी को मतदान के दिन अवकाश मंजूर किया जायेगा। अवकाश मंजूर किये जाने पर किसी की मजदूरी से कोई कटौती या कमी नहीं की जायेगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने उप श्रमायुक्त,उप मुख्य कारखाना निरीक्षक, सहायक उप श्रमायुक्त, सहायक निदेशक, नियोजनालय, सभी श्रम अधीक्षक को स्वयं क्षेत्र में भ्रमण कर उक्त आदेश का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। ताकि उपर्युक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा आदेश का उल्लंघन कानून के सुसंगत धाराओं के अधीन दण्डनीय होगा। उन्होंने कहा जिले में 25 मई को लोकसभा चुनाव के दिन सभी संस्थान, शिफ्ट में कार्य कराने वाले संस्थान,मॉल,दुकान सहित अन्य संस्थान बन्द रहेंगी।

## नमन परिवार के लोगों ने बाबू वीर कुंवर सिंह को दी श्रद्धांजलि

# शौर्य और साहस के प्रतीक हैं बाबू वीर कुंवर सिंह : शंभु सिंह

**मातृभूमि के लिए बाबू कुंवर सिंह के त्याग और बलिदान अतुलनीय : काले सरदार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** नमन परिवार के द्वारा साकची स्थित कार्यालय में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि झारखंड क्षत्रिय संघ के अध्यक्ष शंभूनाथ सिंह सहित काफी संख्या में महिलाए,युवा व शहर के गणमान्य लोग उपस्थिति होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।झारखंड क्षत्रिय संघ के अध्यक्ष शंभूनाथ सिंह ने कहा अदम्य साहस व शौर्य के प्रतीक रहे बाबू वीर कुँवर सिंह एक निर्भीक व दृढ़ निश्चयी क्रांतिकारी थे। उनकी वीरता और पराक्रम की गाथा हम सभी को प्रेरित करती रहेगी। मौके पर अमरप्रीत सिंह काले ने कहा बाबू वीर कुंवर सिंह निडर और बहादुर इंसान थे। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन को तेज धार देने के साथ-साथ समाज के हितों की रक्षा के लिए सदैव संघर्षरत रहे। मातृभूमि के लिए उनका त्याग और बलिदान अतुलनीय है। उनकी देशभक्ति, साहस और आत्म-बलिदान आज भी प्रेरणा बनकर हमारे हृदयों में विद्यमान हैं। इतिहास उन्हें कभी नहीं भुला सकता। मातृभूमि के लिए उनका योगदान हमेशा स्मरणीय रहेगा।इस अवसर पर रामलीला उत्सव समिति के रामकेवल मिश्रा, पूर्व सैनिक सरदार बलविंदर सिंह, क्षत्रिय समाज के वाई पी सिंह सहित अन्य ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन ममता पुष्टि ने की। मौके पर जसवंत सिंह भोमा, महेंद्र सिंह, बलबीर सिंह, नरेंद्र सिंह, परमजीत सिंह, हरि सिंह राजपूत, संदीप कुमार सिंह, सरबजीत सिंह टोबी, रितिका श्रीवास्तव, शुक्ला हलदर, सावित्री देवी, सिमी कश्यप, महालक्ष्मी देवी, नीलू अवस्थी सहित नमन संस्था से जुड़े लोग मौजूद रहे।

# उलीडीह में फायरिंग के मामले में दो गिरफ्तार, एक पिस्टल दो जिंदा गोली, कारतूस, मैंगजीन और एक बाइक बरामद



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। उलीडीह में रंगदारी के लिए वैद्यनाथ साहू की दुकान पर हुई फायरिंग के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया। शुक्रवार को सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने इसकी जानकारी दी। सिटी एसपी ने बताया संकोसाईं रोड नंबर 1 के रहने वाले बैद्यनाथ साहू के द्वारा रंगदारी मांगने के मामले में लिखित शिकायत की गई थी। जिसके आलोक में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल दो आरोपियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी में मानगो संजय पथ निवासी विवेक तिवारी व उलीडीह लक्ष्मण नगर निवासी आकाश गिरी शामिल है।आरोपियों के पास से एक देशी पिस्टल, दो जिंदा गोली, कारतूस, मैंगजिन व बाइक बरामद किया गया। उन्होंने बताया विवेक तिवारी के खिलाफ पूर्व में कई थानों में मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों को न्यायिक रियासत में भेज दिया।

# जिला एवं सत्र न्यायाधीश से मिले बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन, मिला आश्वासन



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। बीते दिनों सिविल कोर्ट में पार्क निर्माण को लेकर अधिवक्ताओं की एक प्रतिनिधि मंडल तदर्थ समिति के अध्यक्ष लाला अजीत कुमार अम्बष्ट,तदर्थ समिति के सदस्य तापस कुमार मित्र व जयप्रकाश के साथ बैठक की। बैठक के बाद बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन राजेश कुमार शुक्ला के साथ जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा से मुलाकात की। मौके पर उन्होंने बार भवन के पास व बाहर रखे कंटेनर,टूटे हुए पार्क निर्माण के लिए बातचीत की। जिला व सत्र न्यायाधीश ने बातचीत के दौरान बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन को आश्वासन दिए। वही सभी अधिवक्ताओं ने हस्ताक्षर अभियान चलाया। मौके पर संजीव रंजन परिहार,वरीय अधिवक्ता देवेंद्र सिंह, अजय राठौर, विजेंद्र कुमार सिंह, अक्षय कुमार झा, मिथिलेश सिंह,जाहिद इकबाल,जितेंद्र कुमार दुबे, प्रवीण कुमार सिंह, लुसी कच्छप,संजीव कुमार झा,विजय कुमार सिंह, अमित कुमार, निरंजन झा, संजीत कुमार गुप्ता,अभय कुमार सिंह मौजूद रहे।

# जोबा मांझी से मिले सरायकेला प्रभारी कालीपद सोरेन, चुनाव को लेकर की चर्चा



चक्रधरपुर (आजाद सिपाही)। लोकसभा चुनाव 2024 नजदीक आते ही सभी राजनीतिक दलो की चुनावी सरगम में तेज होने लगी है। शुक्रवार को सिंहभूम संसदीय सीट से इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी जोबा मांझी से सरायकेला विधानसभा कांग्रेस ग्रामीण प्रभारी कालीपद सोरेन ने चक्रधरपुर स्थित आवास में मुलाकात की।मुलाकातबीके दौरान आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मंथन किया। मौके पर उन्होंने सरायकेला विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकताओं की जिम्मेदारी को लेकर चर्चा की।श्रीमती जोबा मांझी ने कहा इंडिया गठबंधन पूरी ताकत से चुनाव मैदान में उतरा है। सभी मिलकर ग्रास रूट में कार्य कर रहे हैं। इसकी सफलता हमें अवश्य मिलेगी। उन्होंने कहा भाजपा प्रत्याशी के पास कोई मुद्दा नहीं है। वही सरायकेला विधानसभा ग्रामीण प्रभारी कालीपद सोरेन ने कहा कांग्रेस कार्यकर्ता अपने प्रत्याशी के जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्य में लग गयी है।

## एयरपोर्ट रोड पर चलती कार में लगी आग



रांची(आजाद सिपाही)। एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के हेथू जाने वाली सड़क पर अचानक चलती कार में शुक्रवार को आग लग गयी। घटना में कार चला रहा युवक बुरी तरह घायल हो गया है। आनन फानन में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार चलती कार में अचानक आग लगने से कार चला रहा युवक घबरा गया और उसने कार को सड़क के किनारे खड़ा करने की कोशिश की, लेकिन तेज रफ्तार के कारण कार सड़क के किनारे गड्ढे में जा गिरी। घटना में कार चला रहा युवक किसी तरह जलती हुई कार से बाहर निकला। हालांकि इस दौरान चालक बुरी तरह घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही एयरपोर्ट थाना प्रभारी कश्यप गौतम मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड के दो वाहन पहुंचे और कुछ देर तक मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पा लिया। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से कार में आग लगी है। आसपास के लोगों ने कार में आग लगी देखी तो सबसे पहले वहां पहुंचे और घायल कार चालक को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# चेकिंग के दौरान पूर्व पीएलएफआइ उग्रवादी चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के मोरहाबादी टीओपी पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ मकान मालिक, किरायेदार और पूर्व पीएलएफआइ उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी में बरियातू थाना क्षेत्र के संजय सिंह, रातू थाना क्षेत्र के विशाल स्वांसी और सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के मधुकम निवासी विक्की साव का नाम शामिल है। आरोपी के पास से



एमटी-15, एक बाइक पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस के अनुसार एसएसपी के निर्देश पर मोरहाबादी मैदान के रजिस्ट्री ऑफिस के पास मोरहाबादी टीओपी पुलिस ने वाहन चेकिंग लगाया। चेकिंग के दौरान बिना नंबर प्लेट की एक एमटी-15 को रोका गया। बाइक में लगा नंबर स्पष्ट नहीं था। उक्त मोटरसाइकिल का चेचिस नंबर से जांच करने पर पता चला कि इसका मूल रजिस्ट्रेशन चान्हो थाना क्षेत्र के पतरातू निवासी राहुल कुमार के नाम पर पंजीकृत है। पुलिस ने बाइक के साथ पकड़े गये आरोपी संजय सिंह से पूछताछ की, तो उसने बताया कि वह इस मोटरसाइकिल को अपने मकान मालिक विक्की कुमार साव से खरीदा है। आरोपी की निशानदेही पर विक्की कुमार को पकड़ा गया। आरोपी विक्की ने एक और मोटरसाइकिल चोरी की बात स्वीकार की। विक्की की निशानदेही पर पूर्व के पीएलएफआइ उग्रवादी विशाल स्वांसी को पकड़ा गया। विशाल के पास से चोरी की बाइक बरामद की गयी। बरामद बाइक कोतवाली थाना क्षेत्र के विष्णु साव की बतायी जा रही है। पकड़े गये आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है। इन लोगों पर नामकुम, मांडर, रातू, सदर और सुखदेवनगर थाना में मामला दर्ज है।

## मुखिया प्रतिनिधि ने शादी में किया सहयोग





आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका अनुमंडल प्रखंड अंतर्गत चुटिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शंभू प्रसाद गुप्ता ने अपने निजी कोष से पंचायत के गरीब जरूरतमंद लोगों को पुत्री की शादी कार्यक्रम में लगातार आर्थिक सहयोग प्रदान कर रहे हैं। जिसमें उन्होंने 26 अप्रैल को पंचायत के ग्राम भौरी निवासी अर्जुन राम और नंदलाल राम तथा ग्राम हाटदोहर निवासी नारायण गोंड के पुत्री की शादी में नगद आर्थिक सहयोग किया है। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि शंभू प्रसाद गुप्ता ने आजाद सिपाही को बताया कि गरीब जरूरत मंद लोगों के पुत्री की शादी व अन्य कार्यक्रमों में उनके द्वारा सहयोग जारी रहेगा।

## स्कूल बस ने कार में मारी टक्कर कार में सवार एक महिला घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** थाना क्षेत्र के खोरिडीह गांव में शुक्रवार की सुबह में रामगती राम के घर के पास एक स्कूल बस ने विपरीत दिशा से आ रही बैलेनो कार में टक्कर मार दी, जिससे कार सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। इस घटना में बस में सवार विद्यार्थी बाल बाल बच गये। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार में स्कूल बस रौंग साइड में जाकर बैलेनो कार को अपनी चपेट में लेते हुए कार को कुछ दूर तक खींच कर ले गया।

इस घटना में कार में बैठी प्रियंका देवी घायल हो गयी। टक्कर इतना जोरदार था कि आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े आये तथा किसी तरह कार में घायल महिला को निकाल कर निजी वाहन से इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। घटना के बाद आदित्य बिरला स्कूल बस का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। लोगों ने घटना की सूचना मेराल थाना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जायजा लिया तथा स्थानीय लोगों से पूछताछ के बाद स्कूल बस जिसका नंबर जे एच 3 ए ए/0199 तथा बैलेनो कार नम्बर जे एच 01डी वी/9863 दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया।

## वाहन ने बाजा बजा रहे चार लोगों को रौंदा, एक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता




**रायडीह।** रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ पतरा टोली के समीप शादी समारोह के नेग में बाजा बजा रहे चार लोगों को अज्ञात वाहन रौंदते हुए घटनास्थल से मांझा टोली की ओर फरार हो गया। मौके पर ही सीलम पाकर टोली निवासी 60 वर्षीय छटकू नायक की मौत हो गई। वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी को तत्काल उप स्वास्थ्य केंद्र रायडीह पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक ने छटकु नायक को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गुमला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक गांव में शादी कार्यक्रम था। नेग करने के लिए सभी गाजे बाजे के साथ खेत गये थे। वापसी के क्रम में गुरुवार की रात लगभग 12:00 बजे ढोल नगाड़ा बजाते हुए बाजे वाले आगे आगे चल रहे थे। तभी अज्ञात वाहन टक्कर मारते हुए मांझा टोली की ओर फरार हो गया। घटना की जानकारी पर रात में ही रायडीह थाना के एएसआई जसमुद्दीन अंसारी घटनास्थल पहुंचे शव को कब्जे में लेकर रायडीह अस्पताल पहुंचाया और घटना की जानकारी ली। शुक्रवार को समाजसेवी खुशमन नायक सीलम के मुखिया वीरेंद्र उरांव संटू नायक ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल पहुंचाया।

## शिक्षकों और छात्रों को मतदान करने को लेकर जागरूक किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**धुरकी।** धुरकी प्रखंड स्थित हाजी नईमुल हक डिग्री कॉलेज में स्वीप कार्यक्रम के तहत लोकसभा 2024 चुनाव से संबंधित सभी शिक्षकों और छात्रों को मतदान करने को लेकर जागरूक किया गया। उपस्थित सभी प्रतिभागियों को ईवीएम और वीवीपी एटी की विश्वसनीयता पर प्रशिक्षण दिया गया। इसके फंक्शन एवम सुरक्षा के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम के दरमियान प्रतिभागियों के बीच सांप-सीढ़ी का खेल आयोजित कर जागरूक किया गया। प्रतिभागियों को एक-एक मत का महत्व बताया गया और 13.05.2024 को सबसे पहले मतदान में भाग लेकर अपना कर्तव्य निभाने के लिए प्रेरित किया गया। बताया गया कि आपका एक-एक मत देश के विकास में महत्व भूमिका निभायेगा। कॉलेज के प्रिंसिपल राजीव कुमार मेहता जी ने सभी को आवश्यक रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उक्त कार्यक्रम में शिक्षक और छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त स्वीप कोषांग के पदाधिकारियों और कर्मियों ने भाग लिया।

# शत प्रतिशत मतदान कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है: जिला निर्वाचन पदाधिकारी

**लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सामान्य प्रेक्षक, रेम्या मोहन ने पदाधिकारियों संग किया समीक्षा बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के अवसर पर निर्वाचन प्रक्रिया पर निगरानी रखने और पर्यवेक्षण कार्य के निमित भारत निर्वाचन आयोग, नयी दिल्ली के स्तर से सामान्य प्रेक्षक की प्रतिनियुक्ति 13-पलामू (अजा) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु की गयी है। इसी क्रम में आज समाहरणालय गढ़वा के सभागार में सामान्य प्रेक्षक, रेम्या मोहन मुददत्त (भा०प्र०से०) की अध्यक्षता में 80 गढ़वा और 81 भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव की तैयारियों का समीक्षा किया गया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने सामान्य प्रेक्षक का गढ़वा जिला आगमन पर स्वागत किया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से गढ़वा जिले के भौगोलिक क्षेत्रफल की संक्षेप जानकारी देते हुए लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर अब तक की गयी तैयारी का पूर्ण जानकारी सामान्य प्रेक्षक के समक्ष प्रस्तुत किया। इनमें मुख्य रूप से गढ़वा और भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के कुल मतदान केंद्र, मतदाताओं की संख्या, पुरुष और महिला मतदाता की संख्या, 18 वर्ष के नये मतदाता, दिव्यांग मतदाता और सर्विस मतदाता की जानकारी दी गयी। इसके अलावे उपलब्ध एश्ट वीवीपैट की संख्या, सीवीआइ जीआइएल के माध्यम से अब तक प्राप्त शिकायतें और इसका निष्पादन, मतदान कर्मियों की संख्या, सेक्टर ऑफिसर की संख्या, माइक्रो आब्जर्वर की संख्या, पोस्टल वॉलेट के माध्यम से मतदाताओं की संख्या, एफएसटी, वीएसटी, वीवीटी टीम की संख्या की जानकारी दी गयी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि मतदान केंद्रों पर एमएफ फैसिलिटी सुनिश्चित करे ली गयी है। जिससे मतदाताओं और पोलिंग पार्टी को समस्या न हो। मतदान के दिन व्हीलचेयर की उपलब्धता, प्रशिक्षण कोषांग द्वारा दिये जा रहे प्रशिक्षण से जुड़ी जानकारी, वाहन कोषांग द्वारा वाहनों की उपलब्धता और मतदाता जागरूकता को लेकर जिले भर में चलाये जा रहे स्वीप कार्यक्रमों की भी जानकारी दी गयी।

बैठक में समीक्षा के दौरान सामान्य प्रेक्षक द्वारा मतदान के दिन मतदान केंद्रो पर मेडिकल फैसिलिटी के तहत ओआरएस ग्लूकोस समेत अन्य व्यवस्था को सुनिश्चित करने को कहा गया, जिससे तेज गर्मी के बीच आने वाले मतदाताओं को समस्या न हो। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है, हम प्राथमिकता के आधार पर वैसे मतदान केंद्रों को चिन्हित कर रहे हैं, जहां मतदान का प्रतिशत कम रहा है। उन क्षेत्रों में विशेष कर स्वीप कार्यक्रमों के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अबकी बार 80 पार के नारे के तहत हमारा प्रयास है कि हम जिले में 80% वोटर टर्नआउट सुनिश्चित कराएं।

समीक्षात्मक बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के निमित्त पुलिस विभाग स्तर से किये गये तैयारियों व कार्रवाईयों के बारे में बताया गया। अवैध राशियों और हथियार और मादक पदार्थों की धर पकड़, एन्टी नक्सल ऑपरेशन, एक्सक्यूशन ऑफ नन बैलेवल वारंट, परमानेंट वारंट, लाइसेंसी और गैर-लाइसेंसी हथियारों को जमा कराने व जब्त करने की कार्रवाई से अवगत कराया गया। साथ ही मूवमेंट प्लान आफ फोर्सेज, एकोमोडेशन ऑफ सीएपीएफ, पुलिस स्टेसन और ओपी आदि के बारे में बताया गया। आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से भी गैर कानूनी गतिविधियों और आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन जैसे मामलों पर नजर रखी जा रही है।

इस बैठक में सामान्य प्रेक्षक रेम्या मोहन मुददत्त (भा०प्र०से०) के अतिरिक्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे, उप विकास आयुक्त पशुपति नाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता मतियश विजय टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा विजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर प्रभाकर मिर्धा, अनुमंडल पदाधिकारी, रंका रूद्र प्रताप, सिविल सर्जन डॉ० अशोक कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश, जिला पंचायती राज पदाधिकारी-सह-स्वीप नोडल प्रमेश कुशवाहा, जिला योजना पदाधिकारी-सह-जिला जन संपर्क पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी आकाश कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी नीरज कुमार समेत विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारी और अन्य संबंधित पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थें।

## पूर्व मुखिया की मां के निधन पर लोगों ने जताया शोक



रमना(आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत भागोडीह पंचायत के पुर्व प्रभारी मुखिया सह भाजपा कार्यकर्ता विजय पाल की मां कुंती कुंवर (75 वर्ष) का निधन गुरूवार की देर शाम हृदय गति रुक जाने के कारण हो गया है। खबर सुन मौके पर पहुंचे विधायक प्रतिनिधी पंकज सिंह, सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष बलजीत सोनी, मुखिया पति चुन्नू सिंह, राकेश विश्वकर्मा, विनोद विश्वकर्मा,शंकर चंद्रवंशी, धर्मेंद्र पासवान सहित अन्य लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए परिजन को सांत्वना दिया।

## व्यय प्रेक्षक ने बिलासपुर चेक पोस्ट का निरीक्षण किया



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। व्यय प्रेक्षक, जी कन्नन ने आज गढ़वा जिले के अंतर्राज्यीय बॉर्डर बिलासपुर चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वाहन चेकिंग से संबंधित रजिस्टर का अवलोकन किया। चेकिंग के दौरान पकड़े जाने वाले राशियों, मादक पदार्थों और अन्य सामग्रियों का संधारण एक अलग रजिस्टर बनाकर अनिवार्य रूप से पूर्ण जानकारी दर्ज करने का निर्देश दिया गया। वहीं रिलीज होने वाले राशियों की भी जानकारी उक्त रजिस्टर में दर्ज करने का निर्देश दिया गया। मौके पर तैनात दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को सघन चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। इस दौरान मुख्य रूप से भूमि सुधार उप समाहर्ता श्री बंशीधर नगर शीलवन्त कुमार भट्ट, एईओ लक्ष्मण कुमार, एईओ इंदु भूषण लाल समेत अन्य मौजूद थे।

## मंत्री ने शादी समारोह में वर-वधु को आशीर्वाद दिया



रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड सहित पुरे विधानसभा क्षेत्र में इन दिनों शादी सिजन में मंत्री मिथिलेश ठाकुर लगातार शादी विवाह कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं और दूल्हा दुल्हन को आशीर्वाद दे रहे हैं, वहीं जनता जनार्दन का आशीर्वाद भी प्राप्त कर रहे हैं। इस क्रम में मंत्री मिथिलेश ठाकुर रंका प्रखंड के सिरोईखुर्द पंचायत के ग्राम सेवाडीह निवासी गणेश यादव के पुत्री की शादी में शामिल हुए और आशीर्वाद दिया। इस मौके पर अमिन अख्तर, अनिल रवि सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## नाली में गिरे गौवंश को विहिप बजरंगदल के लोगों ने सुरक्षित निकाला



रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय स्थित एक नाली में गिरकर एक गौवंश रातभर पड़ी रही। सुबह स्थानीय विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के लोगों की नजर पड़ी तो काफी संख्या में इकट्ठा होकर नाली से गौवंश को सुरक्षित निकाला गया और इस भूखे गौवंश को भोजन भी कराया। इस पुनित कार्य में समाजसेवी उतम पांडेय, रूपेश कुमार, राकेश कुमार, विकास कुमार, अमरेंद्र कुमार और विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल से जुड़े रानूराजकमल सिंह, सोनू मद्धेशिया, मोहित चौधरी, अविनाश पटेल, अंकित दूबे, आलोक कुमार, निरज कुमार, सोनू राम सहित अन्य लोगों ने सराहनीय भूमिका निभायी।

## चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। स्विप कोषांग अंतर्गत लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने हेतु कृषि बाजार परिक्षेत्र में लोगों को वोट के महत्व को बताते हुए आगामी 13 मई 2024 को वोट देने की अपील की गयी। लोगों के बीच हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया तथा उन्हें या संदेश दिया गया कि इस लोकतंत्र के पर्व को महापर्व मनाते हुए लोहरदगा के वोट के प्रतिशत को 90% तक पहुंचना है। यह कार्यक्रम स्वीप कोषांग लोहरदगा की ओर से आयोजित किया गया।

## बाइक सवार घायल

गुमला (आजाद सिपाही)। बसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत लोंगा के समीप बाइक से अनियंत्रित होकर गिरने से दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गये घायलों में मोरेंग लोंगा निवासी 17 वर्षीय करण कुमार और करण साहू है। दोनों छात्र बाइक से कोन वीर घूमने गये थे, वहीं वापसी के क्रम में लोंगा के समीप सामने से आ रहे ट्रक की रोशनी से चौंधिया गये साथ ही सड़क में गड्ढे को नहीं देख पाये और अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गये।

## पारा 37 डिग्री: अप्रैल माह में सता रही जून जैसी गर्मी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** अप्रैल माह के शुरूआत से ही तेज धूप और उमस ने बेचैनी बढ़ा दी परन्तु अंतिम सप्ताह आते आते दोपहर में सड़कें वीरान होने लगी हैं। शुक्रवार को दोपहर में पारा 39 डिग्री पार कर गया, जिससे दोपहर में मुख्य मार्गो पर भी वीरानी छाई रही। पूरे क्षेत्र में मौसम गर्म बना हुआ है। तेज धूप और उमस से बचने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय कर रहे हैं। क्योंकि अब गर्मी तेजी से बढ़ने लगी है। तेज गर्मी से बचाने वाले कूलर अब गर्म हवा फेंकने लगे हैं। दोपहर में घर से निकलना दूभर हो गया है। गर्मी और उमस से परेशान लोग आवश्यक कामकाज दो पालियों में निपटा रहे हैं। तेज धूप से बचने को लोग दोपहर को घरों में ही दुबकने पर विवश हो रहे हैं। स्कूली बच्चे भी मुंह ढांप कर अथवा छाते का इस्तेमाल कर रहे हैं। चाहे अब घर घर में फ्रिज विराजमान हैं और लोगों को शीतल जल घर में ही उपलब्ध हैं परन्तु दूसरी ओर लोगों को गर्मी से राहत देने वाले देसी फ्रिज घड़े का बाजार भी सज गया है। ज्यादातर लोग ठंडा पानी के लिए मटके व सुराही का ही उपयोग करते हैं। ऐसे लोग मटके की खरीदी के लिए पहुंच रहे हैं। बाजार में मटका 100 रुपये से 150 रुपये प्रति नग के हिसाब से बिक रहा है। गरीब व मध्यम वर्गीय परिवार इसे देसी फ्रिज कहते हैं। इसमें रखे पानी को पीने से न केवल मन को शांति मिलती है, बल्कि स्वास्थ्य पर भी कोई प्रतिकूल असर नहीं होता है। धूप इतनी तेज कि पिघलने लगा तारकोल-तेज धूप और उबालने वाली गर्मी से कुछ स्थानों पर सड़क पर डाला गया तारकोल भी पिघलने लगा हैं। दोपहर में सड़कों से वाहनों के गुजरने पर उनके चक्कों के निशान तारकोल में दिखने लगे। लोग घरों से बाहर नहीं निकल पाए नतीजतन दातारपुर, तलवाड़ा, कमाही देवी, नौशेहरा के बाजार सुनसान ही रहे। दुकानदार भी दुकानों में ही सुस्ता कर अथवा टी वी देखकर या ताश खेल कर समय बिताते नजर आए। बसों में भी सवारियां न के बराबर रहीं।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 27 अप्रैल, 2024
www.azadsipahi.in
08

## जेबीकेएसएस की प्रखंडस्तरीय बैठक



**ईचागढ़।** प्रखंड क्षेत्र के डुमटांड़ हाट मैदान में शुक्रवार को केंद्रीय सचिव गोपेश महतो की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के संबंध में जानकारी देते हुए जेबीकेएसएस के केंद्रीय सचिव गोपेश महतो ने बताया कि आगामी दिनांक 25 मई को रांची संसदीय क्षेत्र का चुनाव को देखते हुए सभी पंचायतों के सक्रिय सदस्यों के साथ बैठक किया गया। बैठक में रांची संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो को अधिक से अधिक मतों से जीत दर्ज दिलाने को लेकर तमाम रणनीति पर चर्चा की गयी।

# आदर्श ग्राम बन गया, लेकिन विकास के नाम पर एक ईट तक नहीं रखी गयी : कालीचरण

आजाद सिपाही संवाददता

**तमाड़।** खूंटी संसदीय सीट के कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने शुक्रवार को तमाड़ विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। कालीचरण मुंडा ने रड़गांव, बोरडीह, डुगूरूडीह, कुदला, सिंदरी आदि गांवो में डोर टू डोर जाकर जनसंपर्क करते हुए महागठबंधन के पक्ष में वोट करने की अपील की। कालीचरण मुंडा ने कहा कि खूंटी लोकसभा क्षेत्र में विकास का



पहिया थम गया है। क्षेत्र में विकास के नाम पर भाजपा ने सिर्फ ठगा है। सांसद आदर्श ग्राम बन गया, लेकिन विकास के नाम पर एक ईट तक नहीं रखी गयी। कांग्रेस की जीत होते ही तेज रफ़्तार से धरातल पर विकास कार्य दिखेगा,, यह मेरी गारंटी है। भाजपा की जनविरोधी नीतियो के कारण आज हर वर्ग परेशान है। महंगाई, बेरोजगारी, अग्निवीर योजना सरकार की विफलता है। उन्होने भाजपा सांसद के पांच साल के कार्यकाल निराशाजनक बताकर कहा कि अब जनता को समझ जाना चाहिए की कौन व्यक्ति उनके साथ हर कदम पर खड़ा है। उन्होने कांग्रेस के पक्ष में वोट कर जन समर्थन मांगा। उन्होने आगे कहा की भाजपा धन, बल का प्रयोग कर चुनाव प्रभावित करने की कोशिश कर सकती है। इसलिए जनता इनके प्रलोभन पर ध्यान ना देकर जमीनी नेता को अपना सांसद चुने। जो हमेशा आपके साथ खड़ा रहे। मौके पर तमाड़ प्रखंड अध्यक्ष संजय सेठ सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## तोरपा में युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा थाना क्षेत्र के कुल्डा जंगल में विनोद गोप (30 वर्ष) ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार को उसका शव जंगल में एक पेड़ पर लटका हुआ मिला। जानकारी के अनुसार वह गिड़ुम गांव का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह विगत तीन दिनों से घर से लापता था। मामले की जानकारी मिलने पर तोरपा थाना की पुलिस वहां पहुंची तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## चुनाव के दौरान अपनी जिम्मेवारी का निर्वाह करें कार्यकर्ता : संतोष जयसवाल



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** रनिया मंडल में भारतीय जनता पार्टी की शुक्रवार को मंडल अध्यक्ष निखिल कांडुलना की अध्यक्षता में हुई बैठक में आसन्न लोकसभा चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया गया। मौके पर चुनाव प्रभारी संतोष जयसवाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं को निर्देश देते हुए कहा कि यह सबसे महत्वपूर्ण समय है। हर कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और लगन के साथ घर-घर जाकर भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के पक्ष में मतदान करने की अपील लोगों से करें। बैठक में रनिया मंडल की सभी सातों पंचायतों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पंचायत प्रभारी, उपस्थित थे। मौके पर बूथ स्तरीय कार्यकताओं को पाठसभा में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सभी अध्यक्षों को निर्देश दिया गया। इस अवसर पर गंदौरी गुड़िया, रामाशीष महतो, महामंत्री सीताराम नाग, सांसद प्रतिनिधि नारायण साहू, उपाध्यक्ष डोमन सिंह, सांसद प्रतिनिधि सुशीला देवी, जोगलेश्वर नाग, पंचायत अध्यक्ष विश्वनाथ, स्वांसी, कृष्णचंद्र सिंह, फगुआ सिंह, बलिराम सिंह, प्रदीप नाग, अजीत सिंह, असहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आदिवासियों का हित भाजपा और कांग्रेस के लिए कभी चुनावी मुद्दा नहीं रहा: बसंत लोंगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जनजातियों के लिए सुरक्षित खूंटी संसदीय सीट से स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में अपना भाग्य आजमा रहे कोलेबिरा के पूर्व झामुमो विधायक बसंत लोंगा ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा सहित अन्य राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टियों के ऐजेंडे में आदिवासियों की भलाई की बात कभी नहीं रही। सरना कोड, समता जजमेंट, रुढ़िवादी पारंपरिक व्यवस्था, पेसा कानून जैसे आदिवासियों से जुड़े मामले भाजपा और कांग्रेस के लिए कभी चुनावी मुद्दे कभी नहीं बने सके। तोरपा में कॉर्डिनेशन कमेटी की बैठक के पूर्व पत्रकारों से



बातचीत करते हुए बसंत लोंगा ने कहा कि वे न कभी झामुमो के विरोधी रहे हैं और न ही वे बागी उम्मीदार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। आज भी गुरुजी शिबू सोरेन उनके आदर्श हैं और रहेंगे। उन्होंने कहा कि झामुमो ने 1995 के बाद मुझे अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का मौका ही नहीं दिया। पूर्व विधायक ने कहा कि आज झामुमो भी अपने उद्देश्यों से भटक गया है। उन्होंने कहा कि खूंटी संसदीय सीट में कांग्रेस और भाजपा के बीच कोई गुप्त समझौता जरूर हुआ है, अन्यथा क्या कारण हो सकता है कि लगातार चुनाव हारने वाले कालीचरण मुंडा को ही इस बार भी कांग्रेस ने टिकट दे दिया। कहा कि सरना धर्मावलंबियों के लिए सरना कोड बहुत जरूरी है, पर यह मुद्दा न कांग्रेस के घोषणा पत्र में है और न भाजपा के संकल्प पत्र में। एक प्रश्न के उत्तर में बसंत लोंगा ने कहा कि खूंटी संसदीय सीट से कांग्रेस की अपेक्षा झामुमो बेहतर प्रदर्शन कर सकता है, लेकिन गुप्त समझौते के तहत हर बार आदिवासियों के लिए आरक्षित इस सीट को कांग्रेस को दे दिया जा रहा है और हर बार कांग्रेस को हार का मुंह देखना पड़ता है। उन्होंने कहा कि 2014 में भी उन्होंने झामुमो के टिकट के लिए प्रयास किया था, लेकिन झामुमो पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया और कांगेस को यह सीट दे दी गयी।

बसंत लोंगा ने कहा कि आज भी वे अपने को झामुमो का कट्टर सिपाही मानते हैं और गुरुजी का पूरा सम्मान करते हैं और करे रहेंगे।

### तीन लाख परिवारों से लेंगे एक किलो चावल और दस रुपये

चुनाव में होनेवाले खर्च के संबंध में निर्दलीय प्रत्याशी बसंत लोंगा ने कहा कि वे तीन लाख परिवारों से एक-एक किलो चावल और दस-दस रुपये नकद सहायता लेंगे और इसी से चुनाव में होनेवाले खर्च की भरपाई की जायेगी। लोंगा ने कहा कि इस बार पूरे लड़ाकू तेवर के साथ लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं और गां-गांव में जिस तरह लोगों का आशीर्वाद उन्हें मिल रहा है, उससे उनकी जीत तय है।

## अस्पताल पहुंचने के पहले ही हो गयी जच्चा-बच्चा की मौत

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** अस्पताल पहुंचने से पहले ही गुरुवार की रात को जच्चा-बच्चा की मौत हो गयी। जच्चा टिपली तोपनो (35) पश्चिमी सिंहभूम के कामड़ोड़ा गांव की रहने वाली थी। जानकारी के अनुसार कामड़ोड़ा गांव की टिपली तोपनो गर्भवती थी। प्रसव का समय पूरा होने के बाद गांव की सहिया बाहमनी तोपनो एम्बुलेंस से उसे लेकर प्राथमिक स्वस्थ्य केंद्र रनिया पहुंची। वहां उसका प्रसव कराने का प्रयास किया गया, नहीं होने पर उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजन उसे एम्बुलेंस से लेकर रेफरल अस्पताल पहुचे। वहां डॉ चयन सिन्हा ने उसकी जांच की। डॉ सिन्हा ने बताया कि गर्भवती महिला की स्थिति अच्छी नहीं थी। उसे जॉन्डिस भी था। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे सदर अस्पताल खूंटी भेज दिया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने के पूर्व ही उसकी मौत हो गयी।

# नियोजन की मांग को लेकर कामगारों ने किया हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** चुरी परियोजना के कामगार खेतनवा मुंडा की मौत के बाद परियोजना के कामगारों ने नियोजन की मांग को लेकर हंगामा करते हुए सात घंटे तक कामकाज को बंद कर दिया। जिसके बाद प्रबंधन के द्वारा 15 दिनों मे नियोजन देने की बात का लिखित आश्वासन दिए जाने के बाद काम का शुरू हुआ। जानकारी के अनुसार मानकी कॉलोनी में रहने वाले कामगार खेतनवा मुंडा की मौत गुरुवार की रात्रि पाली के दौरान मानकी पम्प हाउस मे हो गयी। शुक्रवार की सुबह मृतक का पुत्र रंजीत मुंडा ने इसकी जानकारी परिजनों और सहयोगी कामगारों को दी। जिसके बाद नौकरी की मांग को लेकर परिजन मृतक के शव को लेकर परियोजना पीट ऑफीस पहुचे। जिसके बाद परियोजना के अन्य मजदूरों और श्रमिक प्रतिनिधियों ने नियोजन दिए जाने की मांग को

### ड्यूटी के दौरान कामगार की मौत



लेकर कामकाज को बंद कर दिया। इस दौरान श्रमिक प्रतिनिधियों, सीसीएल प्रबंधन के बीच कई घंटो तक मृतक के आश्रित को नियोजन देने की प्रक्रिया को लेकर बहस होती रही। क्षेत्रीय प्रबंधन से लेकर सीसीएल मुख्यालय तक के अधिकारी इस मामले मे अपनी राय देते रहे। शाम 3 बजे त्रिपक्षीय वार्ता में प्रबंधन के द्वारा नियोजन दिए जाने के लिखित आश्वासन के बाद शव को उठाया गया और कामकाज चालू हो सका। लिखित आश्वासन में मृतक के आश्रित को कागजात जमा करने पर 15 दिनों मे नियोजन देने की बात कही गयी। यदि 15 दिनों में नियोजन नहीं दिया गया तो दोषी बार अधिकारियों पर नियमानुसार कार्रवाई करने पर सहमति बनी। इस मौके पर खान प्रबंधक शैलेश कुमार, कार्मिक अधिकारी आलोक जोजवार, श्रमिक प्रतिनिधियों में सोनू पांडेय, धीरज कुमार, गोविंद महतो, दीपक मंडल, मिथिलेश कुमार, रविंदरर बैठा, अमर भूषण सिंह, सुनील सिंह, गोल्डन यादव, मनोज रजक और खलारी पुलिस के पदाधिकारी के अलावा मृतक के परिजन और सभी कामगार मौजूद थे।

# गर्मी में एसी-कूलर भी फेल, लोग परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको मे भीषण और उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल है। गर्मी के आक्रमक रूप से हर कोई परेशान है। सुबह 9 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है, जिसके कारण चौक चौराहो व बाजारो मे सन्नाटा पसरा हुआ रहता है। गर्मी मे कड़ी धूप के साथ चल रही लू ने लोगो को घरो मे कैद कर दिया है। इधर गर्मी से सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों पर देखी जा रही है। सुबह स्कूल जाने मे तो कोई दिक्कत नही हो रही है, लेकिन स्कूल से घर आने मे बच्चों के पसीने छुट रहे है। झारखंड सरकार के आदेश पर कोयलांचल क्षेत्र के सभी स्कूलों में लगभग 11 बजे तक छुट्टी हो जा रही है, लेकिन इसके बावजुद स्कूली बच्चों को गर्मी से



कोई राहत नहीं मिल रही है और बच्चे चिलचिलाती धूप व लू का सामना कर घर पहुंच रहे है। अब बच्चे और अभिभावक भी गर्मी की छुट्टी की आस लगाये है। इधर कोयला खदानो मे काम करने वाले कोयला मजदूरो को भी खदान क्षेत्र मे काम करने मे पसीने छुट रहे है। वही ड्यूटी आने जाने मे लू का सामना करना पड़ रहा है। कोयलांचल क्षेत्र के तापमान मे लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है,ऐसे मे लोगो की मुश्किले भी बढ़ती नजर आ रही है। शादी विवाह और लग्न के इस मौसम में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यात्री बसों और ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ देखी जा रही है। स्थानीय लोगो का मानना है कि कई वर्षो के बाद अप्रैल माह मे भयावह गर्मी देखने को मिला है। लोगो का कहना है कि आने वाले दिनो मे गर्मी का क्या रूप होगा भगवान ही जाने। फिलहाल गर्मी और लू से बचने के लिए कोयलांचल के लोग सभी प्रकार के उपाय कर गर्मी से बचने का प्रयास कर रहे है। सुबह 10 बजे के बाद क्षेत्र के सभी बाजारों और चौक चौराहों में सन्नाटा पसर जा रहा है। लोग अपने घरों में कैद हो जा रहे हैं।

## सदान अपने अधिकारों को ध्यान में रखकर मतदान करें : राजेंद्र प्रसाद



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद का खूंटी में शुक्रवार को मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। राजेंद्र प्रसाद अगंराबारी जाने के क्रम में कुछ देर के लिए खूंटी में रुके थे। राजेंद्र प्रसाद ने लोगों से अपील की कि मतदान आपका सबसे बड़ा अधिकार है और इसी चुनाव के माध्यम से आप देश का भाग्य बदल सकते हैं। इसलिए हर योग्य व्यक्ति अपना वोट जरूर डाले। उन्होंने कहा वोट करना राष्ट्र धर्म है। उन्होंने कहा कि सदान अपने अधिकारों को ध्यान में रखकर कर वोट करें, जिससे सरकार और राजनीतिक दलों के उपर मूलवासी सदानों के अधिकारों को लेकर दबाव बनाया जा सके और प्रत्याशी को एहसास हो कि वे मूलवासी सदानों के वोट से चुनाव जीत कर आए हैं। मौके पर मूलवासी सदान मोर्चा खूंटी के जिलाध्यक्ष शिवनारायण गौंझू, संरक्षक किशोर गौंझू, युवा प्रदेश अध्यक्ष सयूम अंसारी, शिव कुमार कर, अजीत, श्रवण कुमार, घनश्याम महतो, संतोष गुप्ता संतोष गुप्ता, सुबोध महतो, अमित गौंझू आदि मौजूद थे।

## चावल चोरी की घटना को लेकर जांच की मांग की

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** पिछले दिनों बुंडू के एसएफसी गोदाम से लाखों रुपये की गेहूं चावल चोरी होने की घटना को लेकर आजसू के रांची जिला वरीय उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा ने रांची उपायुक्त मुख्यमंत्री झारखंड सरकार को ज्ञापन देकर बुंडू के एसएफसी गोदाम मैनेजर रविंद्र बडाईक के क्रियाकलापों पर संदेह जताते हुए जांच की मांग की है। ज्ञात होगी रविंद्र बडाईक बुंडू अनुमंडल में चार-चार पदों को संभाल रहे हैं और जिस प्रकार गोदाम का शटर तोड़ा गया है वह संदेह के घेरे में है।

## खूंटी संसदीय सीट से नौ प्रत्याशियों का नामांकन रद्द, सात उम्मीदवार मैदान में

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तकनीकी खमियों के कारण खूंटी संसदीय से नामांकन पत्र दाखिल करने वाले 16 अभयर्थियों में से नौ प्रत्याशियों का नामांकन संविक्षा के बाद रद्द कर दिया गया औ उनके चुनाव लड़ने के मंसूबे पर पानी फिर गया। जिला प्रशासन द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि खूंटी लोकसभा क्षेत्र में नामांकन पत्रों की संवीक्षा के दौरान सात अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र योग्य पाये गये। नौ प्रत्याशियों के नामांकन पत्र अयोग्य घोषित कर दिये गये। संविक्षा में योग्य पाए गये अभ्यर्थियों में अर्जुन मुंडा, भारतीय जनता पार्टी, काली चरण मुंडा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, सावित्री देवी, बहुजन समाज पार्टी, बबीता कच्छप, भारत आदिवासी पार्टी, अर्पणा हंस, झारखंड पार्टी, बसंत कुमार लोंगा, निर्दलीय और पास्टर संजय कुमार तिर्की, निर्दलीय शामिल हैं। संविक्षा में अयोग्य पाए गए अभ्यर्थियों में सोमा मुंडा, अबुआ झारखंड पार्टी, जयपाल मुंडा, भागीदारी पार्टी (पी) समडोम गुड़िया, आंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया, सामुएल पूर्ति, आंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया, थॉमस डांग, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक), प्यारा मुंडू, झारखंड पार्टी, काशी नाथ सांगा, लोकहित अधिकार पार्टी, सुबोध पूर्ति, निर्दलीय और अहलाद केरकेट्टा, निर्दलीय शामिल हैं।

## भाजपा प्रत्याशी के नामांकन में शामिल हुए कार्यकर्ता

**पिपरवार।** भारतीय जनता पार्टी चतरा लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने अपना नामांकन दाखिल किया। जिसमे पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ता कल्याणपुर चौक में जमा हुए और जमकर नारेबाजी के साथ चतरा के लिए रवाना हुए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू,नेता प्रतिपक्ष अमर बावरी,भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह,सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास से मुलाकात भी किया।मौके पर कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आठ टीबी मरीजों को गोद लिया गया



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तमाड़ में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सावित्री कुजूर, डॉक्टर सुम्मी, डॉक्टर निखत प्रवीण, बीएएम विश्वनाथ तिवारी, बीपीएम गायत्री कुमारी और एसटीएस नवीन दादेल के द्वारा 8 टीबी मरीजों को गोद लिया गया, जिसमें पोस्टिक आहार और अन्य सामग्री दी गयी।

# अर्जुन मुंडा की जीत सुनिश्चित करने को लेकर बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** तमाड़ प्रखंड के पेड़ायडीह शक्ति केंद्र के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक किया गया। बैठक मुरपा में प्रकाश सिंह मुंडा की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार अर्जुन मुंडा की प्रचंड जीत सुनिश्चित करने को लेकर किया गया। बैठक में भाजपा रांची जिला प्रभारी सह तमाड़ विधानसभा चुनाव प्रभारी विनोद सिंह और जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण



सिंह मुंडा विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में कार्यकर्ताओं को जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने बुथ क्षेत्र के लोगों से मिलकर देश हित और जनहित में मोदी सरकार द्वारा लोक कल्याण कारी योजनाओं की जानकारी दें। वहीं रांची जिला प्रभारी विनोद सिंह ने कार्यकर्ताओं को कहा कि वे लोगों से अपील करें और जानकारी देने का काम करे। चाय पर चर्चा बैठक में प्रभारी विनोद सिंह, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा के अलावे शक्ति केंद्र के प्रकाश सिंह मुंडा, कालीचरण महतो, मदन सिंह मुंडा, शिवलाल उरांव, महावीर मुंडा, नरेश स्वांसी, रामेश्वर अहीर, डोमन सिंह मुंडा, सुधीर उरांव, विश्व कर्मा उरांव, दिनेश साहु, अंगद महतो, प्रकाश सिंह मुंडा, सोखा सिंह मुंडा, शिवनाथ गोंझु सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जामुनदोहर फेज में शुरू हुआ केडीएच का विस्तारीकरण



**खलारी (आजाद सिपाही)।** सीसीएल एनके एरिया अंतर्गत केडीएच कोयला खदान के विस्तारीकरण के लिए चुनौती बने जामुनदोहर फेज में खुदाई शुरू कर दिया गया। शुक्रवार को परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह ने विधिवत पूजा अर्चना कर एव नारियल फोड़कर पैच में कार्य प्रारंभ किया। परियोजना पदाधिकारी अनिलकुमार सिंह के सकारात्मक पहल और ग्रामीणों के सहयोग से यह संभव हो पाया। जमीन के अभाव में केडीएच खदान में काम बंद करने की नौबत आ गयी थी। पीओ एके सिंह ने ग्रामीणों को समझाया कि कागजात जमा करेंगे तभी कंपनी घरों का मुआवजा दे पायेगी। अंतत: ग्रामीण बात मान गए और खाली जगहों पर खदान बढ़ाने पर सहमति दे दी। परियोजना पदाधिकारी ने बताया कि 60000 वर्ग मीटर क्षेत्र में खुदाई शुरू किया गया है। मुआवजा भुगतान कर शेष बस्ती भी खाली करा लिया जायेगा। इस मौके पर मैनेजर लोकनाथ राणा सहित अधिकारी और कामगार मौजूद थे।

# श्रद्धा और भक्ति के साथ नौ दिवसीय मंडा अनुष्ठान संपन्न





आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** वैसे तो भगवान भोलनाथ को प्रसन्न करने के लिए अलग-अलग इलाकों में कई तरह के अनुष्ठान किए जाते है, पर शैव भक्ति की जितनी कष्टसाध्य आराधना पंडा पर्व है, उतना कष्ट सामान्य पूजा-अर्चना में देखने को नहीं मिलता। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के बाद से ही पूरे झारखंड में भगवान भोलेनाथ की कष्ट साध्य आराधना का पर्व मंडा शुरू हो जाता है, जो पूरे ज्येष्ठ महीने तक चलता है। यह ऐसा सार्वजनिक अनुष्ठान है, जिसमें न कोई जात भेद होता और न ही मंत्रोच्चार की जरूरत है। भक्त भगवान आशुतोष को प्रसन्न करने के लिए सिर्फ अपने शरीर को कष्ट देते हैं। मंडा अनुष्ठान कहीं-कहीं नौ दिनों का होता है, तो कही तीन दिनों का। भगवान शंकर का वरदान पाने के लिए भक्त जिन्हें भोक्ता कहा जाता है, अनुष्ठान पूरा होने तक अपना घर-परिवार त्याग कर किसी शिवालय में शरण लेते हैं। इस दौरान वे 24 घंटे में सिर्फ एक बार फलाहार करते हैं। मंडा पर्व ऐसा अनुष्ठान होता है, जहां जनजातीय और अनुसूचित जाति समुदाय के लोग काफी संख्या में भाग लेते हैं। झारखंड के अलग-अलग गांवों में अलग-अलग तिथियों में मंडा पर्व मनाया जाता है। हालांकि इसका अनुष्ठान सभी गांवों में नहीं होता। जिस परिवार से कोई भोक्ता मंडा अनुष्ठान में शामिल होता है, तो उसके पूरे परिवार और निकट के रिश्तेदारों मांस-मदिरा का सेवन पूरी तरह बंद हो जाता है। ऐस ही नौ दिवसीय कष्टसाध्य मंडा पर्व शुक्रवार को तोरपा में संपन्न हो गया। सुबह से लेकर शाम तक निराहार रहकर और दहकते अंगारों में नंगे पाव चलकर भगवान भोलेनाथ की भक्ति का परिचय देते हुए 20 फीट ऊंचे झूले में झूलकर मंडा पूजा का समापन हुआ। मंडा पूजा के अंतिम दिन बडाईक टोली स्थित शिवालय परिसर में भक्तों और श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा। मंडा पूजा समिति तोरपा के तत्वावधान मे आयोजित लोटन सेवा, धुंआसी, फूलखंदी और झूलन के साथ संपन्न हो गया।

## मनरेगा लोकपाल पुष्पलता जायसवाल ने मनरेगा योजनाओं का किया निरीक्षण



**खलारी।** मनरेगा लोकपाल पुष्पलता जायसवाल के अध्यक्षता में ग्राम पंचायत तुमांग और लपरा पंचायत में मनरेगा योजनाओं का स्थल भ्रमण और पंचायत भवन में योजनाओं के अभिलेख की जांच की गयी। भोंडल गंझू का सिंचाई कूप निर्माण,अमीन गंझू का सिंचाई कूप निर्माण, रीना कुमारी का सिंचाई कूप निर्माण, किसून मुंडा का डोभा निर्माण, अमर साव का डोभा निर्माण, छोटन भोगता का सिंचाई कूप निर्माण, जयंती देवी का आम बागवानी निर्माण, लपरा पंचायत में प्रभात गिरी के जमीन पर आम बागवानी का निरीक्षण किया।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 27 अप्रैल, 2024
www.azadsipahi.in
09

# धूमधाम से मनाया गया मंदिर का स्थापना दिवस



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम ।** सिल्वे पंचायत के हरातू बस्ती स्थित शिव मंदिर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्थापना दिवस के मौके पर हवन, यज्ञ किया गया। साथ ही श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान मंदिर का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इसमें ग्रामीणों ने भाग लिया। मंदिर के पुजारी मधुसूदन पांडे के द्वारा कलश स्थापन, गौरी गणेश, खोड़स, मातृका, नवग्रह पूजन के साथ रुद्राभिषेक किया गया। वहीं, 22 जनवरी से आरंभ रामचरित मानस पाठ समाप्त किया। इसके बाद हवन एवं खिचड़ी महाभोग प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य जैलेंद्र कुमार, एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा के सचिव डॉ मधुसूदन पांडे, सिल्वे मुखिया नूतन पाहन, समाजसेवी अरविंद महतो, रामचरण पाहन, राजेश मिश्रा, विष्णु मुंडा, सुमित्रा देवी, सिंधु महतो, भोलानाथ ठाकुर, सिमी कुमारी, पूनम देवी, कौशल्या देवी, मुन्नी देवी, आरती कुमारी, रोहित कच्छप, सिमरन कुमारी, होलिका देवी, राजू महतो, सोनिया, रिशु, सोनम, राजेश्वरी, कुंती आदि शामिल थे।

# शरारती तत्वों ने बारीडीह जंगल में लगायी आग

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के बारीडीह गांव के समीप जंगल में शुक्रवार की सुबह को शरारती तत्वों ने आग लगा दी। जिसके कारण पूरे जंगल में आग फैल गई। आग से जंगल में लगे कई पेड़ पौधे जल गए। ग्रामीणों द्वारा आग पर काबू पाने के लिए काफी प्रयास किया गया।वही आग के भयानक रूप को देखते हुए स्थानीय लोगों द्वारा अग्नि शमन विभाग को सूचना दी गई। जिसके बाद अग्नि शमन वाहन मौके पर पहुंची। लेकिन इसके पूर्व ही ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। वही अगलगी की खबर पाकर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई थी। ग्रामीणों कहा कि किसने आग लगायी यह अब तक पता नहीं चल पाया है। इधर जंगल में गिरे साल वृक्ष के सूखे पत्तों के साथ-साथ हरे-भरे छोटे-छोटे पौधे,सखुआ के कई पेड़ आशिक या पूर्ण रूप से जल गए। जंगल में लगी आग जंगल के घनत्व में कमी आने के कारण भयावह रूप तो नहीं ले सकी,लेकिन जंगल का अधिकाश हिस्सा जल गया। हरे-भरे पौधों के साथ-साथ सैकड़ों प्रकार के कीड़े-मकोड़े और जीव जंतु जंगल में आग के कारण बुरी तरह प्रभावित हुए। इस संबंध में पूछे जाने पर ग्रामीणों ने कहा कि किसने आग लगाई यह अब तक पता नहीं चल पाया है। लेकिन, इस तरह का आगजनी नहीं होना चाहिए। इस संबंध में वन विभाग के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होने से जंगल का इसी तरह विनाश होता रहेगा। वन विभाग वाले जंगलों के बीच सड़क के चौड़ीकरण के खिलाफ खड़ा हो जाते हैं, जबकि उसमें एक भी पेड़ नहीं कटेगा। लेकिन दूसरी ओर हजारों पेड़ और हरे-भरे पौधे जंगल में लगी आग के कारण नष्ट हो रहे हैं। पर, वे इस मामले में चुप्पी साध लेते हैं, जो चिंता का विषय है।



बेड़ो के बारीडीह जंगल में लगी आग के बाद झुलसे पौधे।

# बस की चपेट में आने से बुजुर्ग की हुई मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी थाना क्षेत्र के टिकरा टोली स्थित मनोकामना मंदिर के पास बस की चपेट में आने से लूना मोटरसाइकिल सवार एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गयी और साथ में बैठे व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना दोपहर एक बजे हुई। जब रांची से ईंटकी जा रही एक सीटी राइड बस ने लूना को चपेट में ले लिया। जिससे लूना पर बैठे दामोदर महतो उम्र 70 वर्ष और चित्र दयाल महतो उम्र 65 वर्ष दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने दोनों को तत्काल उठा कर बजरा स्थित जसलोक अस्पताल ले गए जहां दामोदर महतो की मौत हो गई। वहीं चित्र दयाल महतो का ईलाज चल रहा है उन्हें सिर और पैर में गंभीर चोट लगी है। दामोदर महतो हजारीबाग जिले के बड़कागांव के रहने वाले थे और अपने समधी के यहां नगड़ी टिकराटोली आए हुए थे। दोनों समधी एक लूना से नगड़ी की ओर जा रहे थे तभी यह दुर्घटना हुई। इस संबंध में मृतक दामोदर महतो के पुत्र नवनीत कुमार ने नगड़ी थाना में बस चालक पर लापरवाही से गाड़ी चलाने का आरोप लगाते हुए प्रथामिकी दर्ज कराया है।



मृतक दामोदर महतो (फाइल फोटो )।

# दिव्यांगजनों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली




आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** छोटानागपुर सांस्कृतिक संघ की इकाई झारखंड दिव्यांग जागृति महासंघ के दिव्यांगजनों ने शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय के परिसर से रैली निकाल कर आगामी 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संदेश दिया है। रैली का शुभारंभ सीओ प्रताप मिंज,राकेश भगत व धनंजय कुमार राय ने हरी झंडी दिखाकर किया। संस्था की डा सच्ची कुमारी ने बताया कि निर्वाचन विभाग के निदेर्शानुसार मतदाताओं को जागरूक करने, महिला पुरुष, वृद्धजन का मतदान प्रतिशत बढ़ाने, निर्भय होकर स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए इस जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। वहीं अशोक महतो,लालू उरांव, कुंवारी खलखो ने कहा कि आरपीडी एक्ट 2016 बनने के बाद दिव्यांगजन ज्यादा सशक्त हुए हैं, लोकतंत्र के इस पर्व में इनके भागीदारी के लिए निर्वाचन आयोग ने विशेष पहल की है। इसके बाद भी कुछ मुद्दे हैं जिसके संबंध में लोकसभा क्षेत्र के सभी उम्मीदवारों को दिव्यांगजनों के द्वारा ज्ञापन सौंपा जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था की अर्चना आईन्द,करमी कुमारी, सुनील महतो,सुनीता कुजूर,बसंत स्वांसी सहित कई लोगों ने सराहनीय योगदान दिया।

# हिंदपीढ़ी में पेयजल की किल्लत, लोग परेशान

## वोट का बहिष्कार करेगी जनता: इमरान हसन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** हिंदपीढ़ी के लोगों को पानी की बुनियादी जरूरत भी पूरी नही हो रही है। पूरे हिंदपीढ़ी में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। मुहल्ले में अधिकतर बोरिंग फेल हो चुकी है। पानी की किल्लत को दूर करने के लिए युवा एकता मंच के सरपरस्त इमरान हसन की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक रखी गयी। बैठक में आसपास के सैकड़ो लोग उपस्थित हुये। युवा एकता मंच के लोगो ने कहा कि विभागीय अधिकारियों को पानी की समस्या से अवगत कराया गया। परन्तु अधिकारीयो को लोगो की समस्या से कोई लेना देना नही है। यहां पानी की सप्लाई की स्थिति बहुत ही दयनीय है। परन्तु अधिकारियों के तानाशाही से आम जनता परेशान है। इमरान हसन ने कहा कि जल्द ही अगर समस्या का निदान नही होगा तो लोग वोट का बहिष्कार करेंगे। वही

युवा एकता मंच के अतिकुर रहमान ने कहा कि विभाग पानी की समस्या के निदान के लिए सार्थक पहल करे। तत्काल क्षेत्र मे टैंकर से पानी व्यवस्था नियमित रूप से बहाल करे । अन्यथा मुहल्ले के लोग आंदोलन के लिए विवश होंगे । बैठक मे युवा एकता मंच के अहमद रजा, सरताब आलम, मो ताहिर, उमेर खान. तौसीफ खान,फिरोज अंसारी, अफरोज आलम, रवि विश्वकर्मा, राजू ,मनीषा कुजूर, मो जफर, आरती लकड़ा,प्रीति सिंह, राजा, अरबाज, कोमल तिर्की, सुमन खलको, सबा प्रविन, फरहना खातून आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।



# इटकी जलमीनार से पिछले तीन दिनों से ठप है जलापूर्ति

आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के लापरवाही का खामियाजा भगत रहे है इटकी के हजारों ग्रामीण । सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा निर्मित इटकी जल मिनार से पिछले तीन दिनों से जलापूर्ति ठप है। जिससे ग्रामीणों के समक्ष भारी जल संकट उत्पन्न हो गया है। भीषण गर्मी में जहां जल की आवश्यकता है उसे समय जल आपूर्ति बंद होने से पेयजल के लिए लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकृत जानकारी के अनुसार पीएचडी विभाग द्वारा जल मिनार में जल संग्रह के लिए आठ डीप बोरिंग लगाये गये है जिसमें रख रखाव के अभाव में छह डीप बोरिंग खराब हो गया है । बताया गया कि दो वोरिंग सूख चुके है , जबकि दो में दलदल आ गये है बाकी के मशीन खराब होकर बंद हो गये है। दो बोरिंग से जलमिनार में प्रर्याप्त मात्रा में जल संग्रह नही हो पा रही है । जिससे क्षेत्र में पिछले मंगलवार से जलापूर्ति वाधित हो गया है। जलापूर्ति में आई गड़बड़ी को लेकर लोगो ने विभाग के संबंधित अधिकारियों को इसकी जानकारी दी है किन्तु अबतक इस ओर किसी प्रकार की पहल नही की गई है जिससे ग्रामीण विभाग के प्रति लोगों में आक्रश व्याप्त है। ग्रामीणों ने चेताया है कि समय रहते क्षेत्र में जलापूर्ति बहाल नही की गई तो विभाग के विरुद्ध आदोलन के लिए सड़क पर उतर आयेंगे।

# तेलहनी फसल सरसों के उत्पादन में वृद्धि को लेकर बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिकिदिरी।** दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र, रांची के सभागार में आज शुक्रवार के दिन सरसों अनुसंधान निदेशालय, भरतपुर, राजस्थान द्वारा झारखंड में तेलहनी फसल सरसों के क्षेत्रफल में वृद्धि पर, परियोजना के सम्बन्ध में एक बैठक आहूत की गयी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद अटारी, पटना के निदेशक डॉ अंजनी कुमार सिंह एवं विशेष अतिथि के रूप में सरसों अनुसंधान निदेशालय, भरतपुर, राजस्थान के निदेशक डॉ पीके राय के साथ साथ निदेशालय के प्रधान वैज्ञानिक, डॉक्टर ए. के. शर्मा एवं बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, कांके के वैज्ञानिक डॉ. सोहन राम शामिल हुए। कार्यक्रम में झारखंड राज्य के 15 जिलों के कृषि विज्ञान केंद्रों के वरीय वैज्ञानिक सह प्रमुख भी शामिल हुए। बैठक का औपचारिक शुभारम्भ दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया।

डॉ. पीके राय ने अपने संबोधन में बताया कि वर्ष 2017-18 में झारखंड के पॉच जिलों में सरसों के उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु योजना की शुरूआत की गई थी, जिसके परिणाम स्वरूप विगत 6 वर्षों में राज्य में सरसों के क्षेत्रफल में 216 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गयी है। इसी को ध्यान में रखते हुए झारखंड राज्य में सरसों फसल के क्षेत्रफल व उत्पादकता में वृद्धि हेतु 15 जिलों को सरसों अनुसंधान निदेशालय द्वारा इससे सम्बन्धित योजना से जोड़ा जा रहा है। इसके साथ ही साथ रांची, गुमला, चतरा एवं सरायकेला खरसावां कृषि विज्ञान केन्द्रों को सीड हब कार्यक्रम से भी जोड़ा जा रहा है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. अन्जनी कुमार ने परियोजना के विगत 6 वर्षों की सफलता की प्रशंसा करते हुए बताया कि सभी 15 कृषि विज्ञान केन्द्र के माध्यम से कुल 1500 किसानों को प्रशिक्षित कर इसमें शामिल किया जायेगा। सभी फसल प्रत्यक्षणों की निगरानी कृषि मैपर एप्लिकेशन के माध्यम से की जायेगी। भविष्य में किसानों को ससमय गुणवत्तायुक्त बीज की उपलप्धता सुनिश्चित करने के क्रम में वर्ष 2024-25 में कुल चार सीड हब की स्थापना की जायेगी जिसके माध्यम से 4000 कुन्तल प्रमाणित बीज का उत्पादन किया जायेगा।

डा. अरुण कुमार ने सरसों के क्षेत्र विस्तार हेतु मध्यम भूमि व दोन 2 भूमि में धान की सीधी बुवाई कर सही समय पर इसकी कटाई व ससमय सरसों की बुवाई की अनुशंसा की। इसके साथ ही उन्होंने धान की कम अवधि की प्रजातियों के चुनाव पर भी बल दिया। सचिव रामकृष्ण मिशन, स्वामी भवेशानन्द जी ने अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में सरसों की जैविक खेती को बढ़ावा देने पर बल दिया । जिससे मधुमक्खी पालन को भी बढ़ावा मिलेगा।साथ ही सभी उपस्थित अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए, कार्यक्रम को समाप्त करने की घोषणा की।



# बरगड़ी पंचायत को जीरो ड्रॉपआउट पंचायत बनाने का लिया संकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** पिरामल फाउंडेशन के एस्पिरिनेशनल भारत कोलाबोरेटिव्ह के सहयोग से बरगड़ी पंचायत में मुखिया लक्ष्मण भगत की अध्यक्षता में पंचायत को ह्यहमारा संकल्प जीरो ड्रॉपआउट पंचायतह्न बनाने के लिए पंचायत सचिवालय में बैठक की गई। इस बैठक में पंचायत के पंचायत सचिव, प्रधान सचिव, वार्ड सदस्य, प्रधान्याध्यापक, स्वयं सहाय्यता महिला, आंगनवाडी सेविका, स्वास्थ सहिया, जल सहिया, एएनएम, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस बैठक के दौरान उजागर किया गया कि पंचायत में जीरो ड्रॉपआउट को बढ़ावा देने के लिए नागरिकों को जागरूक करने की आवश्यकता है। ड्राप आउट बच्चों को जल्द से जल्द जोड़ने के लिए शिक्षकों द्वारा स्कूलों से ड्रॉपआउट बच्चों को पहचाना जाएगा और डोर-टू-डोर विजिट किया जाएगा। जिन स्कूलों में शिक्षकों की कमी है, उनकी समस्या को हल करने के लिए पंचायत में स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित करने की बात की गई। इसके अलावा, बालविवाह के असामाजिक प्रचलन को रोकने के लिए समाज में जीरो ड्रॉपआउट कराने की आवश्यकता है। मुखिया लक्ष्मण भगत जी ने कहा की, वंचित छात्र-छात्राओं को अविलम्ब विद्यालय सेजोड़ा जाना चाहिए ताकि सरकार और संस्था का कार्य पूरा हो सके। बैठक में पंचायत सचिव लम्पा भेंगरा, राजू खलखो, एग्नेग एक्का, और पिरामल फाउंडेशन से एस्पिरिनेशनल भारत कोलाबोरेटिव्ह के निखिल सिंह और सत्यम तिवारी उपस्थित थे।




## चुनाव को लेकर इटकी में प्रशासन कर रहा है व्यापक तैयारी

# डोर टू डोर मतदाता जागरूकता अभियान तेज

आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** इटकी प्रखंड क्षेत्र में लोक सभा चुनाव को लेकर स्थानीय प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारी की जा रही है। एक ओर बूथ अवेयरनेश ग्रुप ने डोर टू डोर मतदाता जागरूकता अभियान तेज कर रखा है , वही प्रतिनियुक्त सेक्टर मजिस्टेटों द्वारा बुथों का निरीक्षण के बाद प्रखण्ड के 49 मतदान केन्द्रों पर बुनियादी व्यवस्थाओं की कमी को लगभग पूरा कर लिया गया है। साथ ही यहां मतदाता सूची का वितरण व्यापक रूप से घर घर पहुंचाने का अभियान चला रखा है। आगामी 13 मई को लोहरदगा लोक सभा का चुनाव होनी है। इस बार प्रखण्ड के कुल 40,251 हजार मतदाता अपना मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिसमें पुरुष मतदाता 20,026 जबकि 20,224 महिला मतदाता अपना बोट डालेंगे ।मतदाताओं को निर्भिक होकर अपने मनपसंद उम्मीदवार को मतदान का प्रयोग कराने के उदेश्य को लेकर प्रशासनिक तंत्र मतदाताओं के समक्ष पहुंचकर किसी भी बहकावे और अन्य प्रलोभन में अपना मताधिकार का प्रयोग नही करने की अपील कर रहे है। प्रखण्ड के सभी बुथ को मॉडल बुथ बनाये गये है। वही मतदान के क्रम में पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने के साथ उग्रवाद और असमाजिक तत्वों पर पैनी नजर पर प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। प्रशासन ने प्रखण्ड के सभी मतदान केन्द्रों आइएएम वेरिफाईड वोटर संचालन अभियान को पुरा कर लिया है। चुनाव में एक भी मतदाता अपना मत का प्रयोग से वंचित नही रहे इसके लिए संबंधित अधिकार सोशल मीडिया हैण्डल्स पर आइएएम वेरिफाईड वोडर हैशटैग अभियान के तहत प्रक्रियाओं को मतदाताओं को जानकारी दे रहे है । नौ सेक्टर मजिस्ट्रेट के अलावा मतदान केन्द्रों पर मतदान के दिन 200 से अधिक मतदान कर्मियों को लगाया जायेगा । प्रत्येक मतदान केन्द्र में चार मतदान कर्मियों की तैनाती की जायेगी । बुथों पर मतदान कर्मी और ईवीएम मशीन पहुंचाने के लिए सुरक्षा का ठोस व्यवस्था रहेगा।

## महत्वपूर्ण खबरें

### शॉर्ट सर्किट से घर में आग लगने से घर का सामान जल कर हुआ राख



चान्हो (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र बलसोकरा स्थित मदरसा चौक में तबरेज आलम के घर में शॉर्ट सर्किट से लगा। शुक्रवार सुबह में आग लगने से घर में रखे नगद सहित सारा सामान जलकर राख हो गया है। तबरेज आलम ने बताया कि व घर पर नहीं थे । बच्चा बीमार था उसी को दिखाने के लिए गुरुवार को अस्पताल ले गए थे और लौट के क्रम में चान्हो स्थित ससुराल में ही रुक गए थे। सुबह उनके घर वालों के द्वारा आग लगने की सूचना दी गई। बताया जाता है कि जैसे ही आग लगी और उनके भाईयों और आसपास के लोगों के द्वारा आग पर काबू पाने की कोशिश की गई। मगर तब तक घर में रखे गए नगद सहित सारा सामान जलकर राख हो गया। तबरेज आलम के द्वारा बताया गया कि इस आग लगने से कम से कम तकरीबन 6 से 7 लख रुपए तक का नुकसान हुआ है।

### नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्षों के बीच प्रमाण पत्र वितरण किया गया



मांडर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के मुड़मा में शुक्रवार को ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस की रांची जिला इकाई की एक बैठक जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर की अगुवाई में आयोजित की गई। इस बैठक में रांची जिला के सभी प्रखंड के अध्यक्षों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। साथ ही वर्तमान चुनावी परिप्रेक्ष्य में एक दूसरे का फीडबैक भी लिया गया। बैठक में सभी अध्यक्षों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि इंडिया महागठबंधन द्वारा मुसलमान के साथ अन्याय किया गया है। बैठक में सभी प्रखंड अध्यक्षों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए शमीम अख्तर द्वारा निर्देश दिया गया कि दो दिनों के अंदर प्रखंड कमिटी तैयार कर जिला को समर्पित करें। इस अवसर पर रांची जिला उपाध्यक्ष जुल्फिकार अली, जिला सचिव क्यूम अंसारी, एनुअल अंसारी, तनवीर अहमद, नईम अंसारी, गफार अंसारी, मुबारक अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### सीआइटी में नेत्र जांच शिविर आयोजित



नामकुम (आजाद सिपाही)। कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में शुक्रवार को संस्थान व श्रेष्ठ नेत्र चिकित्सालय के संयुक्त तत्वाधान में नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन कैंब्रिज ट्रस्ट की वरीय अधिकारी प्रो. रशिका नवनीत सिंह ने किया। इसके बाद डॉ गोपाल दास ने कर्मियों एवं विद्यार्थियों के नेत्र की जांच की व आवश्यक चिकित्सिय निर्देश दिए। मौके पर डॉ शालिनी सिंह, प्रो. दीपक कुमार वर्मा, डॉ रितेश कुमार, डॉ आलोक कुमार सिंह के अलावे कैंप कोर्डिनेटर श्यामल चटर्जी, आशुतोष मिश्रा आदि उपस्थित रहे। शिविर में दर्जनों लोगों ने नेत्र की जांच करायी।

### बच्चों ने किया पानी बोतल का वितरण



नामकुम (आजाद सिपाही)। लगातार बढ़ रही गर्मी को देखते हुए किड्स पार्क प्ले स्कूल डेला टोली के द्वारा शुक्रवार को रातू रोड स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में राहगीरों के बीच पानी का बोतल, फ्रुटी, बिस्किट आदि सामग्री का वितरण किया गया। सामग्रियों का वितरण स्कूल के बच्चों ने किया। स्कूल की प्राचार्य प्रीति सिंह ने बताया कि भीषण गर्मी में छोटे बच्चों के द्वारा शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में यह एक छोटा कदम है। वितरण कार्यक्रम में स्कूल की प्राचार्य प्रीति सिंह, शिक्षिका रोहिणी टोप्पो, ज्योति टोप्पो व समाज सेविका पूनम देवी मुख्य रुप से उपस्थित थे।

### जैलेंद्र कुमार ने किया फुलखुंदी के साथ रात्रि जागरण कार्यक्रम का उद्घाटन



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। अनगड़ा के सिमलिया गांव में भव्य शिव मंडा पूजा का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में सात दिनों तक कठिन तप के बाद फुलखुंदी के साथ रात्रि जागरण के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार ने फीता काट कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर मनोज चौधरी,बीगेसर महतो, बिनोद चौधरी, सुनील महतो आदि उपस्थित थे।

### झारखंड के सर्वाधिक पढ़े-लिखे प्रत्याशी को पलामू में चुनने का अवसर

# शहर के विकास में व्यवसायियों की बड़ी भूमिका : अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने रांची रोड स्थित मल्टी ब्रांडेड शोरूम एवं सर्विस सेंटर जय मां दुर्गा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मौजूद लोगों से कहा कि हमारे शहर के विकास में व्यवसाईयों की भूमिका अहम है। व्यवसायी नित्य अपनी पूंजी लगाकर अपनी शाख पर बैंक से कर्ज लेकर जहां शहर में एक से एक अत्याधुनिक शोरूम खोल रहे हैं वहीं, कई युवाओं को रोजगार देते हुए सरकार को जीएसटी के रूप में भारी भरकम राजस्व भी दे रहे हैं। शुक्रवार को जय मां दुर्गा बाइक सर्विस सेंटर मल्टी ब्रांडेड शोरूम का खोला जाना


शो रूम का उद्घाटन करती प्रथम महापौर अरुणा शंकर।

इसी कड़ी में एक शुभ संकेत है जिसके लिए मैं इस संस्था के मालिक धर्मेंद्र सिंह और सुमित पाठक को बधाई देती हूं। प्रथम महापौर ने उपस्थित लोगों से अपील की कि गर्मी बढ़ते जा रही है फिर भी 13 मई को मतदान जरूर करें। आपका एक वोट मजबूत राष्ट्र का निर्माण करेगा। प्रथम महापौर ने कहा कि हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है कि हमारे पलामू लोकसभा को झारखंड का सर्वाधिक पढ़ा लिखा अनुभवी सांसद प्रत्याशी के रूप में चुनने का अवसर भाजपा ने एक आईपीएस ऑफिसर पूर्व डीजीपी वीडी राम को तीसरी बार भी प्रत्याशी बनाकर दिया है जिसे वोट कर पुराने लोगों के साथ-साथ नई पीढ़ी उत्साही होगी। वह कह सकते है कि मैंने अपने जिंदगी का पहला वोट झारखंड के सर्वाधिक पढ़े लिखे प्रत्याशी को दिया है। प्रथम महापौर ने महिलाओं एवं बहनों से खासकर अपील की कि आप अपने भविष्य की सुरक्षा के लिए वोट करने अवश्य जाएं।

# भाजपा के प्रदेश क्षेत्रीय संगठन मंत्री ने की बैठक, दिया बूथ जीतने का मंत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रदेश भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने पलामू लोकसभा अंतर्गत पथरा मंडल के बराव शक्ति केंद्र पर शुक्रवार को बूथ कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। जिसकी अध्यक्षता एवं संचालन पथरा मंडल अध्यक्ष सिकंदर चौधरी ने किया। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने लोकसभा चुनाव जीतने के लिए कार्यकर्ताओं को बूथ जीतने का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि शक्ति केंद्र के एक-एक बूथ को जीतना है। सभी बूथ अध्यक्ष अगर अपना-अपना बूथ जीत जाए तो समझिए कि चुनाव जीत गए।



बैठक में संगठन महामंत्री ने बूथ कमेटी गठन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि भाजपा सेवा ही संगठन है। प्रधानमंत्री राष्ट्र हित में जो कहते हैं वह काम पूरा भी करते हैं। इसलिए देश की जनता का अटूट विश्वास भाजपा पर है। वहीं, विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि अपने बूथ पर सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से लगातार संपर्क में रहे और जिन-जिन को सरकारी योजनाओं व पारदर्शी नीतियों का लाभ मिला है, उनको पार्टी की विचारधारा से अवगत करवाएं और अन्य योजनाओं को जानकारी देकर उनको और भी लाभान्वित करने का प्रयास करें। इस बैठक में मुख्य रूप से पलामू लोकसभा के संयोजक विपिन बिहारी सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद सिंह, डाल्टनगंज विधानसभा के प्रभारी रघुराज पांडे, पथरा मंडल के प्रभारी प्रदीप सिन्हा, जिला परिषद सदस्य रामलव चौरसिया, प्रमोद सिंह, जय दूबे, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, अभिमन्यु तिवारी, गुड्डू खान, संटू चौरसिया, विशाल दूबे, राहुल श्रीवास्तव, महर्षि वेदव्यास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेमलाल चौधरी, नीलम देवी, ब्रह्मदेव चौधरी, अमरेंद्र चौरसिया, उदय चौधरी, अनिल विश्वकर्मा, आलोक ठाकुर, राजू चौधरी, आदित्य चौधरी, उदय चौधरी, भारदुल चौधरी आदि उपस्थित थे।

## रसोइये को चाकू मारनेवाला आरोपी गिरफ्तार



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी थाना पुलिस ने शुक्रवार को रसोइये को चाकू मारकर घायल करने वाले तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गौरतलब है कि 21 अप्रैल को पांकी के आसेहार सौरभ स्टोन माइंस में खाना बनाने वाले सूरज चंद्रवंशी को आपसी विवाद में आसेहार निवासी नईम खलीफा, खुर्सीद खलीफा और लेस्लीगंज के मुस्लिम नगर निवासी महफूज खलीफा उर्फ मिथुन ने सब्जी काटने वाले चाकू से मारकर घायल कर दिया था।

## बारातियों से भरी बस पलटी, दर्जनों घायल

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल क्षेत्र के हैदरनगर प्रखंड अंतर्गत बिलासपुर गांव के समीप नाग बाबा के पास शुक्रवार की सुबह बाराती बस पलटी गयी, जिसमें दर्जन भर बाराती घायल हो गए। ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने घायलों का इलाज किया। जानकारी के अनुसार गुरुवार को पतरिया गांव के एक घर से बिहार के कुटुंबा थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव बारात गयी थी। वहां से वापसी के क्रम में हादसा हो गया। इसकी सूचना पाकर स्थानीय विधायक कमलेश सिंह, प्रतिनिधि अजित सिंह, भाजपा नेता कर्नल संजय सिंह, प्रखंड बिससूत्री अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने पहुंचकर सभी घायलों का हालचाल लिया।

## बसपा प्रत्याशी ने लोगों से की मतदान की अपील

**छत्तरपुर (आजाद सिपाही)।** छत्तरपुर प्रखंड के पिच्छुलिया गांव में समाजसेवी राजकुमार राम की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई। इस इवसर पर उनके पुत्र प्रशांत कुमार और परिजनों द्वारा श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जिसमें बसपा के प्रत्याशी पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा भी शामिल हुए। उन्होंने लोगों से अपील की कि लोकसभा चुनाव में संविधान की रक्षा के लिए मतदान अवश्य करें। कहा




कि कुछ राजनीतिक पार्टियों नहीं चाहती की देश में आरक्षण रहे और बाबा साहब के संविधान के हिसाब से देश चले। इसलिए लोगों में भेदभाव का बीज बोया जा रहा है। इस लिए मतदान केंद्र जाकर अपना मत जरूर दें। इस अवसर पर बसपा प्रत्याशी कामेश्वर बैठा प्रशांत कुमार, बसपा के जिला अध्यक्ष अजय भारती, अजय राम, सुहैल हक, युवा नेता संदीप सरकार, शनि कुमार, रितेश रंजन, संजय बैठा, गिरजा राम, लक्ष्मण राम, सुदामा राम सहित सैकड़ो लोगों ने राजकुमार राम को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया।

### लोस चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा कोर कमेटी की बैठक

# लोस चुनाव में हुसैनाबाद विस रचेगा इतिहासः अविनाश वर्मा

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** शहर के जपला छतरपुर रोड स्थित भाजपा के चुनावी कार्यालय में हुसैनाबाद विधानसभा अंतर्गत सभी मंडल के कोर कमेटी के सदस्यों, मंडल अध्यक्षों व प्रभारियों की बैठक हुई। जिसमें हुसैनाबाद विधानसभा के प्रभारी अविनाश कुमार वर्मा भी उपस्थित थे।



बैठक की शुरूआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर माल्यार्पण कर की गयी। जिसकी अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता और संचालन उरद्वार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता ने किया। बैठक में बतौर अतिथि के रूप में उपस्थित विधानसभा प्रभारी अविनाश वर्मा ने सभी मंडल अध्यक्षों द्वारा पेश की गई मंडल कोर कमेटी की सूची पर विचार करते हुए मंडलों में खोले जाने वाले चुनावी कार्यालय पर चर्चा की। साथ ही सभी मंडलों में बूथ स्तरीय बैठक करने का निर्णय लिया, ताकि चुनावी अभियान को गति मिल सके। बैठक में उपस्थित भाजपा के वरिष्ठ नेता कर्नल संजय सिंह ने सभी शक्ति केंद्रों और बूथों तक जाकर काम करने पर जोर दिया, ताकि कार्यकर्ताओं का पैसा और समय दोनों बच सके। वहीं, वरिष्ठ नेता रविंद्र सिंह ने सभी लोगों से एक जूट होकर चुनाव में जुट जाने का आग्रह किया ताकि पिछले सभी रिकॉर्ड को तोड़ते हुए इस बार अपने प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को पुनः विजयी बनाकर मोदी जी के हाथों को मजबूत कर सके। बैठक में संतोष सिंह, प्रशांत सिंह, बल्लू बलराम, संजय मेहता, संजय सिंह ,नागेंद्र उपाध्याय, वीरेंद्र सिंह, बीरबल यादव, बाटुक भारती, सुरेंद्र सिंह, संतोष शुक्ला, राजीव ठाकुर, अनंत सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।


## चुनाव कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता

**जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची**

**आवश्यक सूचना**

महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा, झारखण्ड राँची का ज्ञापांक–820/OTD, दिनांक–16/04/2024 के आलोक में राँची जिला अन्तर्गत प्रभावित बल के सभी शहरी/ग्रामीण महिला एवं पुरूष गृह रक्षकों को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में विधि व्यवस्था संधारण हेतु कुल प्रभावित बल के 70 प्रतिशत गृह रक्षकों को चुनाव ड्यिुटी में लगाया जाना है। उक्त के निमित आज दिनांक–25.04.2024 को झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी मुख्यालय राँची से लोकसभा आम चुनाव 2024 में प्रतिनियुक्त होने वाले ग्रामीण/शहरी पुरूष एवं महिला गृह रक्षकों की सूची जारी कर दी गयी है। उक्त सूची जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची के सूचनापट् पर चिपका दी गयी है।

